इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -178 | राजनांदगांव, बुधवार 15 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## पीएम मोदी ने वाराणसी से किया नामांकन, चार स्थानीय नागरिक बने प्रस्तावक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट से नामांकन किया. प्रधानमंत्री तीसरी बार वाराणसी सीट से मैदान में उतरे हैं. परचा भरने के लिए 4 प्रस्तावकों की जरूरत होती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार प्रस्तावक पंडित गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर बने हैं. निर्वाचन आयोग के मुताबिक, प्रस्तावक वे स्थानीय लोग होते हैं, जो किसी उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए अपनी ओर से प्रस्तावित करते हैं. प्रधानमंत्री के नामांकन के दौरान चार प्रस्तावक वहां मौजूद थे जिनका नाम पंडित गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर है. पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था, ये ब्राह्मण समाज से हैं.बैजनाथ पटेल ओबीसी समाज से आते हैं और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं.लालचंद कुशवाहा भी ओबीसी समुदाय से हैं.संजय सोनकर दलित समाज से हैं.



### प्रस्तावक 4 राजनीतिक संदेश अनेक

पीएम मोदी ने 4 प्रस्तावकों के माध्यम से कई तरह के समीकरण को साधा है. जानकार इसे बीजेपी की सोशल इंजीनियरिंग के तौर पर देख रहे हैं. साथ ही अयोध्या के राम मंदिर के मुद्दे को भी पीएम मोदी लोगों के बीच जिंदा रखना चाहते हैं. पंडित गणेश्वर शास्त्री प्रधानमंत्री के प्रस्तावक बने हैं. उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था. ओबीसी समाज से आने वाले प्रस्तावक बैजनाथ पटेल और लालचंद कुशवाहा के मार्फत पीएम मोदी ने पूर्वांचल और बिहार की राजनीति को साधने की कोशिश की है. पूर्वांचल के क्षेत्रों में जहां पटेल वोटर्स की बहुलता रही है वहीं बिहार में कुशवाहा दूसरी सबसे बड़ी ओबीसी जाति है.

### कांग्रेस के जातिगत जनगणना के मुद्दे की काटने का प्रयास

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार जातिगत गणना और प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर बीजेपी को घेरते रहे हैं. पीएम मोदी ने संसद में कहा था कि उनकी नजर में देश में चार ही जाति है. नारी, युवा, किसान और गरीब यही चार इस देश में जातियां है. बिहार में हुए जातिगत गणना में ओबीसी और श्वक्क्ष्ट समाज की आबादी लगभग आधी रही थी. प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्तावकों में दो ओबीसी जाति के लोगों को जगह देकर सम्मान देने की कोशिश की है.

### पांचवें और छठे चरण को साधने की है कोशिश

20 मई को पांचवे चरण में उत्तर प्रदेश के मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज ,अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फेतहपुर, और गोंडा में चुनाव होंगे. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## खरगे बोले- मोदी-योगी से नहीं, हमारी लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच



भाजपा के 400 पार के नारे का बताया ऐसा मतलब


महराजगंज। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। वे जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज खेल मैदान में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी योगी से नहीं है, यह लड़ाई दो विचार धाराओं के बीच की है।

एक विचारधारा देश को कुछ उद्योगपतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देशवासियों को बचाना चाहते हैं। हमारी विचारधारा नेहरू, गांधी, पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों, किसानों की मदद करते हैं, उनका कर्ज माफ करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पांच गारंटी है जो युवाओं को नौकरी, महिलाओं के खाते में साल में एक लाख, कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है। इसके इतर भाजपा की गारंटी नफरत और भाईचारे को खत्म करने की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने काम पर नहीं राम, मुसलमान, पाकिस्तान और हिंदू को खतरे में कहकर वोट मांगती है।

खरगे ने कहा कि भाजपा 400 सीट इसलिए चाह रही है कि ताकि वह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दे। कहा कि यह क्षेत्र भगवान बुद्ध का ननिहाल है जहां दो हजार छह सौ वर्ष पहले लोकतंत्र था, आप लोगों से बेहतर लोकतंत्र के महत्व को कौन जानता है, इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि गठबंधन के उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जरूर जिताएं। उन्होंने कहा कि यह धरती संविधान सभा सदस्य रहे शिब्बन लाल सक्सेना, वीर बहादुर सिंह, हर्षवर्धन जैसे विकास पुरुषों की रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## धीरज वधावन को सीबीआई ने किया गिरफ्तार, 34000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 34 हजार करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि धीरज को सोमवार शाम को मुंबई से हिरासत में लिया गया था। आज (मंगलवार) को दिल्ली की एक विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



### साल 2022 में आरोप पत्र दायर किया गया

अधिकारियों के अनुसार, धीरज वधावन पर 2022 में मामले के संबंध में आरोप लगाया गया था। इससे पहले उन्हें यस बैंक फ्रॉड मामले के संबंध में एजेंसी ने अरेस्ट किया था। वह जमानत पर थे। ष्ठाऌरु द्वारा 17 बैंकों के कंसोर्टियम से 34000 करोड़ की कथित धोखाधड़ी से संबंधित मामला दर्ज किया गया है।

### रेटिंग डाउनग्रेड के कारण स्थिति खराब

इससे पहले डीएचएफएल ने कहा था कि देय उसके भुगतान दायित्वों को उनके मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार पूरा नहीं किया जा सकता है। यह सितंबर 2018 से संकट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रोफेसर के नाम से ड्रग्स का खेल, Money Heist वेब सीरीज देखकर बनाए गए किरदार

रायपुर। रायपुर में मनी हाईस्ट वेब सीरीज के किरदार के नाम पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा था। पुलिस ने इस गिरोह का मंगलवार को भंड़ाफोड़ किया। चार युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों को होटल और फार्म हाउस से पकड़ा गया है। आरोपित कुसुम हिंदुजा निवासी अवंति विहार शंकर नगर थाना खम्हारडीह, चिराग शर्मा निवासी पुरानी बस्ती तिल्दा नेवरा, आयुष अग्रवाल आजाद चौक और महेश सिंग खड़गा निवासी हाउस खम्हारडीह रायपुर, हाल पता - मालवी नगर खिडकी एक्सटेंशन पंचशील विहार थाना मालवी नगर दिल्ली को नौ ग्राम एमडीएमए और कोकीन के साथ पकड़ा गया है। शहर में बड़े होटल, क्लब में इनका आना जाना था। वहीं ये सप्लाई करते थे। इसने पास से ऑडी कार जब्त की गई।



### वेब सीरीज से प्रभावित रखा नाम प्रोफेसर

वेब-सीरीज मनी हाइस्ट से प्रभावित होकर स्वयं की पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के उद्देश्य सीरीज के किरदारों के नाम पर अपने नाम जैसे प्रोफेसर (आयुष अग्रवाल), लूसीफर (कुसुम हिंदुजा), बर्लिन और अन्य रखे थे। सभी एक-दूसरे को इन्हीं नामों से संबोधित करते थे। सीरीज में मुख्य सरगना का नाम प्रोफेसर रहता है, जिस पर प्रकरण में मुख्य आरोपित आयुष अग्रवाल को प्रोफेसर कहा जाता था। आयुष होटल सेमराक में दूसरे की आइडी से बुक किए गए रूम में रूका हुआ था। वाट्सएप ग्रुप का नाम भी प्रोफेसर रखा गया था। अब उस ग्रुप में कितने लोग जुड़े हुए हैं, पुलिस उसकी जांच कर रही है।

### पुलिस ने प्लानिंग के साथ मारी रेड

मंगलवार को रायपुर के क्राइम एडिशनल एसपी संदीप मित्तल ने मामले का राजफाश करते हुए बताया सप्लाई करने वालों की सूचना मिली। जिस पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना प्रभारी खम्हारडीह को आरोपितों को प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर धोतरे मैरिज गार्डन के एक कमरे में रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान कमरे में दो लोग मिले। इसमें एक युवती कुसुम हिंदुजा और युवक चिराग शर्मा मिले। टीम के सदस्यों द्वारा उनकी तलाशी लेने पर उनके पास छोटे जिप पालिथीन में प्रतिबंधित मादक पदार्थ मादक पदार्थ कोकीन एवं एक इलेक्ट्रानिक तराजू रखा होना पाया गया। दोनों आरोपितों से उनके अन्य साथियों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने एक साथी आयुष अग्रवाल को सेमराक ग्रीन होटल और एक साथी महेश सिंग को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केजरीवाल के सहयोगी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई- स्वाति मालीवाल विवाद पर बोले संजय सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास में आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी मामले में आप ने चुप्पी तोड़ी है। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि कल बहुत ही निंदनीय घटना घटी। कल सुबह सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पहुंची थीं। ड्राइंग रूम में स्वाति मालीवाल अरविंद केजरीवाल का इंतजार कर रही थीं। इस बीच आवास के स्टाफ में से वैभव कुमार पहुंचे और स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता और बदतमीजी की।



संजय सिंह ने कहा कि इस पूरी घटना का मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है। इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वाति मालीवाल ने देश और समाज के हित में कई काम किए हैं। पार्टी की सीनियर और पुरानी लीडर्स में से एक हैं। हम सब उनके साथ हैं।

इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने गईं और आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

पुलिस जानकारी के मुताबिक, सुबह 9.34 बजे पीएस सिविल लाइंस में एक पीसीआर कॉल आई। जिसमें एक महिला ने कहा कि उसके साथ सीएम हाउस में मारपीट हुई है। कुछ देर बाद सांसद मैडम थाना सिविल लाइंस आईं, लेकिन बाद में शिकायत देने की बात कहकर चली गईं।

## सुकमा जिले में जवानों को देख भागे नक्सली, मौके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद

सुकमा। नक्सलियों के खिलाफ लगातार जवानों का आपरेशन जारी है। सुकमा जिले के दुलेड़, बोट्टेतोंग, साकलेर इलाके में जवानों ने बड़ा आपरेशन चलाया। वहां नक्सलियों के बड़े लीडर होने की सूचना पर निकले सुरक्षाबल जब मौके पर पहुंचे तो नक्सली वहां से भाग गए। आसपास सर्चिंग की गई तो भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। एएसपी आइपीएस निखिल राखेचा ने बताया कि वहां नक्सलियों का कैंप था। सुरक्षाबल के जवान सभी सामग्री को बरामद कर वापस कैंप लौट आए।



जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह जवान दुलेड़, बोट्टतोंग इलाके में पहुंचे तो नक्सली वहां से भाग गए। एएसपी निखिल राखेचा के नेत्तृव में डीआरजी, कोबरा 208, 204 व 206 के जवान अलग-अगल कैंपों से निकले। उन्हें सूचना थी कि नक्सलियों की मौजूदगी बोट्टेतोंग व दुलेड़ इलाके में है। एएसपी निखिल राखेचा ने बताया कि जैसे ही जवान चिन्नावेली कोंडा इलाके में पहुंचे वैसे ही नक्सलियों के पास सूचना पहुंच गई और नक्सली वहां से भाग गए। आसपास सर्चिंग की गई तो नक्सलियों द्वारा डंप किए गए विस्फोटक सामग्री बरामद कर ली गई। जिसमें एचई 36 नग, ग्रनेड 01 नग, डेटोनेटर 1 नग, बारूद, बीजीएल पाईप, बीजीएल काट्रिज, रेडियो वायरलेस सेट, रेडियो वायरलेस एंटिना, फोन, एयर रायफल पैलेट समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद कर जवान वापस सुरक्षित कैंप लौट आए।

## पीएम मोदी के लिए मछली बनाने की ममता की पेशकश को लेकर विवाद, भाजपा ने बताया राजनीतिक एजेंडा

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए मछली बनाने की पेशकश पर विवाद गहरा गया है। अलग-अलग राजनीतिक दलों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। एक तरफ जहां भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे राजनीतिक एजेंडा करार दिया, वहीं माकपा ने ममता की इस पेशकश को तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच सहमति बताया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान को लेकर उनपर तंज कसते हुए ममता ने सोमवार को कहा था कि अगर वह (मोदी) चाहें तो मैं उनके लिए मछली बनाने को तैयार हूं, लेकिन वह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि मोदी उनके हाथ का पका खाना खाएंगे या नहीं।

### पीएम मोदी ने तेजस्वी यादव पर किया था कटाक्ष

मोदी ने पिछले महीने राजद के नेता तेजस्वी यादव पर ऐसे समय में मछली खाने को लेकर कटाक्ष किया था, जिस दौरान हिंदू मांसाहार के सेवन से परहेज करते हैं। ममता ने लोगों की खान-पान की आदतों में कथित तौर पर हस्तक्षेप करने को लेकर यहां एक रैली में यह कटाक्ष किया था।

भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत राय ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि ममता बनर्जी, मोदी जी को अपने हाथ की बनी मछली और चावल खिलाना चाहती हैं। अच्छा प्रस्ताव है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा को समर्थन देंगे धनंजय सिंह, बसपा ने काट दिया था पत्नी श्रीकला का टिकट; गरमाई सियासत



जौनपुर। पूर्व सांसद धनन्जय सिंह ने अपने मंगलवार को अपने समर्थकों संग बैठक में चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। देर शाम क्षेत्र के शेरवा स्थित आझू राय इंटर कालेज पर आयोजित जन बैठक में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने पहले समर्थकों से उनकी राय जानी और अंतिम में अपनी बात रखी।

उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित समर्थकों को बताया कि उनके साथ यह पहली बार नहीं हुआ है।वे 2002 से सत्ता पक्ष का विरोध झेल रहे हैं।टिकट कटने पर साथी गन आहत थे लेकिन यह सब राजनीत का संग है। राजनीति में हमेशा पक्ष और विपक्ष रहा है। सदन में भी किसी फैसले पर या तो हम पक्ष में वोट करते हैं या विपक्ष में। यहां तटस्थ रहने की स्थिति नहीं होती। उन्होंने मोदी व योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि दोनो जगह बहुत ही (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीजी टॉपर्स का सम्मान: राज्य सरकार करेगी प्रतिभा का सम्मान

### 10वीं, 12वीं के टॉपर्स बच्चों को 1.30 लाख से ज्यादा का मिलेगा अवार्ड

रायपुर (दावा)। राज्य सरकार इस बार भी 10वीं 12वीं बोर्ड के टॉपर को सम्मानित करेगी। राज्य सरकार की योजना के मुताबिक टॉपर छात्रों को कम से कम 1.50 लाख तक का इनाम राज्य सरकार की तरफ से दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक आचार संहिता खत्म होने के बाद राज्य सरकार की तरफ से टॉपर्स के सम्मान करने की तारीख का ऐलान कर दिया जायेगा।



### मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की तरफ से होनहारों को सालों से सम्मान होता रहा है। हाल के सालों में बच्चों की ना सिर्फ सम्मान राशि में बढ़ोतरी की गई है, बल्कि लैपटॉप की जगह नकद राशि का भी प्रावधान किया गया है। 2019 तक होनहारों को 1.25 लाख के साथ लैपटॉप दिए जाने का प्रावधान रखा गया था, लेकिन 2021 में इस योजना में कुछ बदलाव किया गया। जिसके तहत लैपटॉप के स्थान पर 25000 रूपये नगद देने की व्यवस्था सरकार की तरफ से की गई। माना जा रहा है कि जल्द ही इस साल टॉपर्स के सम्मान की रूपरेखा राज्य सरकार जारी करेगी। जिसके तहत प्रदेश के मेधावी छात्रों को कम से कम 1.30 लाख तक का इनाम राज्य सरकार की तरफ से दिया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ की 10वीं टॉपर

सिमरन शब्बा-जशपुर-स्वामी आत्मानंद-99.50 प्रतिशत, होनिशा-गरियाबंद-98.83 प्रतिशत, श्रेयांश कुमार यादव-जशपुर-98.33 प्रतिशत, राहुल गंजीर-बालोद-98.17 प्रतिशत, डाली साहू-बालोद-98.17 प्रतिशत, अनिष्का सिंह ठाकुर-रायपुर-98.17 प्रतिशत, अर्पिता कुजुर-जशपुर-98.17 प्रतिशत, पद्मिनी शांडिल्य-बालोद-98.00 प्रतिशत, जिज्ञासा-बालोद-98.00 प्रतिशत, निधि साहू-बलौदाबाजार-98.00 प्रतिशत, गामनी कुमारी कंवर-कोरबा-98.00 प्रतिशत, लुकेश्वर राजपूत-बालोद-97.83 प्रतिशत, बबीता साहू-बालोद-97.83 प्रतिशत, वंशिका साहू-राजनांदगांव-97.83 प्रतिशत, जान्हवी पटेल-सक्ती-97.83 प्रतिशत, दिमित्रा सिंह-जशपुर-97.83 प्रतिशत, प्रीति समदूर-जशपुर-97.83 प्रतिशत, रसीना चौहान-जशपुर-97.83 प्रतिशत, आयुष सोनकर-धमतरी-97.67 प्रतिशत, प्रेरणा साहू-महासमुंद-97.67 प्रतिशत, मयंक कोर्राम-कांकेर-97.67 प्रतिशत, पायल अधिकारी-कांकेर-97.67 प्रतिशत, अभिषेक गुप्ता-बिलासपुर-97.67 प्रतिशत, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, इनमें से 9 पर 39 लाख का ईनाम

बीजापुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 9 नक्सलियों के ऊपर 39 लाख रुपये का इनाम भी है। वहीं दो नक्सलियों मुन्ना हेमला उर्फ चंदरू के ऊपर 18 और मुन्ना पोटाम के ऊपर 6 स्थाई वारंट लंबित हैं। पुलिस के अनुसार नक्सलियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा और प्रताड़ना से तंग 30 नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्म समर्पण किया है।



आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में मिटकी ककेम ऊर्फ सरिता मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीपीसीएम, ईनाम 8 लाख। मुरी मुहंदा ऊर्फ सुखमति प्लाटून नंबर 32 पीपीसीएम, ईनाम 8 लाख। रजिता वेट्टी ऊर्फ रामे प्लाटून नंबर 4 सदस्य, ईनाम 5 लाख। देवे कोवासी प्लाटून नंबर 32 सदस्य, ईनाम 5 लाख। सीनू पदम ऊर्फ चिन्ना बटालियन नंबर 1 सदस्य, ईनाम-5 लाख। आयता सोढ़ी प्लाटून नंबर 32 सदस्य, ईनाम 5 लाख। आयतु कारम आरपीसी अध्यक्ष, ईनाम 1 लाख। मुन्ना हेमला ऊर्फ चंदू आरपीसी अध्यक्ष, ईनाम 1 लाख। आयतु मिडियम ऊर्फ वर्गेश आरपीसी सदस्य/डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम 1 लाख। सन्नू कारम ऊर्फ डोरा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमांडर। बामन कारम आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य। सुखराम कारम आरपीसी सदस्य। मनकू ताती आरपीसी सदस्य। मुन्ना पोटाम ऊर्फ मुकेश आरपीसी, सदस्य। संतू हेमला आरपीसी मिलिशिया सदस्य। राहुल हेमला ऊर्फ छोटू आरपीसी, मिलिशिया सदस्य। सुखराम ऊर्फ सुरेश कारम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य। मोटू हेमला आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य। मोटू कवासी आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य। रमेश हेमला पदनाम - भूमकाल मिलिशिया सदस्य। लक्खू कोरसा पदनाम - जीआरडी सदस्य। नंदू कुरसम पदनाम - पीएलजीए सदस्य। सोमलू कडती ऊर्फ दिवाकर पदनाम पीएलजीए सदस्य। सोमलू ताती आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य। संतोष पदम पदनाम पीएलजीए सदस्य। गुडडी हपका। ज्योति लेकाम आरपीसी केएमएमस सदस्य। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राजस्व शिविर परिणाममूलक होना चाहिए - कलेक्टर संजय अग्रवाल

# ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के दिए निर्देश

- डीएमएफ मद से जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव करें प्रस्तुत
- वाटर रिचार्ज करने के लिए चेकडेम, डबरी, परकुलेशन टैंक जैसे जलीय संरचनाओं के माध्यम से वाटर रिचार्ज करने कहा
- सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत



*किसान खाद एवं बीज का करें अग्रिम उठाव, एजुकेशन हब के लिए 100 बच्चों को लक्षित करते हुए करें चिन्हांकित, साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित*

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य को राजस्व संबंधी समस्याओं के लिए परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, खाता विभाजन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर परिणाम मूलक होना चाहिए और आम जनता को इससे लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि पटवारी निर्धारित दिनों में अपने कार्यालय में उपस्थित रहे एवं अच्छी तरह से कार्य करें। राजस्व शिविर के आयोजन से पहले मुनादी कराएं तथा सभी तहसीलों में शिविर का आयोजन होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद अंतर्गत जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पांच कार्यों के लिए प्राथमिकता देते हुए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। इस दौरान सभी विभागों से इससे जुड़े प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि 33 गांवों में जहां भू-जल स्तर में कमी आयी है, वहां वाटर रिचार्ज करने के लिए चेकडेम, डबरी, परकुलेशन टैंक जैसे जलीय संरचनाओं के माध्यम से वाटर रिचार्ज किया जा सकता है। जिससे सिंचाई के रकबे में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने सहकारिता विभाग को किसानों की सुविधा के लिए शेड, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुल-पुलिया से वंचित ग्रामों में पुल निर्माण करने के निर्देश दिए। सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच रोड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए वहां आने वाले तकनीकी दिक्कत को दूर कराएं। सड़क दुर्घटना को दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे स्थान जहां दुर्घटना होने की संभावना रहती है, वहां स्पीड ब्रेकर बनाएं।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि खेती किसानी के कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव हो जाना चाहिए। इससे खाद एवं बीज के कमी की समस्या नहीं आएगी और किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने जिले में वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के 1525 ग्राम पंचायतों में मुनगा एवं पपीता के पौधों का वितरण करने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। राजनांदगांव स्थित एजुकेशन हब के लिए 100 बच्चों को लक्षित करते हुए चिन्हांकित करें तथा पढ़ाई प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं तथा केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए बच्चों की तैयारी कराएं। कलेक्टर ने कहा कि हाट बाजार जनसामान्य के लिए उपयोगी है, वहां प्रकाश एवं शेड की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। हाट बाजार व्यवस्थित रहे तथा उनका अच्छी तरह रख-रखाव होना चाहिए। उन्होंने पीडीएस भवन की मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रेडक्रास के माध्यम से मानवता की सेवा के लिए कार्य किया जा रहा है।

सभी विभाग इसमें अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कम पानी वाले फसल को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बूढ़ा सागर एवं रानी सागर की साफ-सफाई के लिए तकनीकी समस्याओं को दूर करते हुए कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसके ट्रीटमेंट के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी

**एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें एकलव्य विद्यालय राजनांदगांव के कक्षा 10वीं में 98.24 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में 93.47 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। राज्य में संचालित एकलव्य विद्यालयों में एकलव्य राजनांदगांव के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं में शामिल 57 विद्यार्थी में से 43 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 11 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं एक विद्यार्थी को पूरक दिया गया है। वहीं कक्षा 12वीं में शामिल 46 विद्यार्थी में 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 23 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं 3 छात्र को पूरक दिया गया है।

### शासकीय हाईस्कूल पेन्ड्री में कक्षा 10वीं बोर्ड का परिणाम 94 प्रतिशत रहा

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय हाईस्कूल पेन्ड्री में सत्र 2024 में कुल परीक्षार्थी 36 कक्षा दसवी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें परीक्षा परिणाम 10 प्रथम श्रेणी 22 द्वितीय श्रेणी एवं 1 पूरक और 1 अनुत्तीर्ण रहा। जिसमें विद्यालय स्तर पर कु. लालिमा सिंह ठाकुर 83 प्रतिशत (प्रथम), नवीन कुमार यादव 82 प्रतिशत (द्वितीय), कु. अनुसुईया साहू 79 प्रतिशत (तृतीय) स्थान प्राप्त किए। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अर्चना शर्मा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें दिए।

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड में समृद्धि को मिले 86 प्रतिशत अंक



राजनांदगांव (दावा)। सीबीएसई 10वीं बोर्ड के नतीजों में स्थानीय वाइडनर की छात्रा समृद्धि मेश्राम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 86 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस सफलता के जरिये छात्रा ने स्कूल का मान बढ़ाया। सभी विषयों में समृद्धि ने बेहतर अंक अर्जित किए। जिसमें हिन्दी में 94, अंग्रेजी में 88, मैथेमैटिक्स स्टेंडर्ड में 83, विज्ञान में 74 और सोशल साइंस में 80 अंक प्राप्त किए। समृद्धि प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही है। इस सफलता पर समृद्धि को बधाई और शुभकामनाएं मिल रही है। छात्रा ने इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षक और पालकों और परिजनों को श्रेय दिया है। स्थानीय बसंतपुर निवासी प्रवीण मेश्राम और माधवी मेश्राम की सुपुत्री है। समृद्धि के अच्छे अंक प्राप्त करने से उन्हें शिक्षकों और शुभचिंतकों से बधाईयां मिल रही है।

### लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव के चाचा पठान ढोरगी निवासी का आज दोपहर 2 बजे अस्वस्थता के चलते निधन हो गया, वे लगभग 74 वर्ष के थे।


dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में

शानदार भीड़ भरा चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत

बी.ए. फाईनल ईयर

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com





## शिव निर्वाणी जैसे स्वयं सेवकों के कारण ही संघ का निरंतर हो रहा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के युवा प्रकोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष वैभव निर्वाणी ने बताया कि, विगत दिनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान तुलसीपुर में बड़े पापा शिवकुमार निर्वाणी (गो लोक) वासी के निवास पहुँचकर परिवार के दुख में सहभागी बनते हुए रामदत्त ने बताया कि, शिव कुमार 1980 के दौरान 2 वर्ष तक कोण्डागाँव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रचारक रहे है। तथा संघ द्वितीय वर्ष की संघ शिक्षा कर लिये थे। प्रारंभिक समय में अभिमन्यु सायमशाखा का मुख शिक्षक रहे है। वहाँ से निरंतर संघ कार्यो में समर्पित होने के कारण प्रचार भी रहे है। रामदत्त जी ने यादों को साझा करते हुए आगे बताया कि, पिछले वर्ष दूरभाष (मोबाईल) चर्चा करते हुए शिव कुमार निर्वाणी ने इच्छा व्यक्त करते हुए कहा था कि, मुझे दुर्गम जगह कश्मीर व कही अन्य दुर्गम स्थान में संघ का कार्य करने प्रचारक के रूप में भेजने का आग्रह किया था। रामदत्त जी ने आगे कहा शिव कुमार निर्वाणी जैसे स्वयं सेवकों के कारण ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का निरंतर विकास, विस्तार हो रहा है। युवा वैष्णव समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष वैभव निर्वाणी ने आगे बताया कि, उक्त अवसर पर निर्वाणी परिवार के सभी प्रमुख उपस्थित होकर सह सरकार्यवाह रामदत्त के आगमन पर भवभीनी स्वागत किये।

उक्त अवसर पर सर्वश्री मंहत नरेन्द्रदास राष्ट्रीय महासचिव निर्मोही अखाड़ा, सुमित्रा शिव निर्वाणी, श्रीमती बंसत लता रामकृष्ण निर्वाणी, रूपमति देव कुमार निर्वाणी, श्रीमती वीणा शोणित कुमार निर्वाणी, श्रीमति मनीषा मनीष निर्वाणी, श्रीमती विभा ज्ञानेश्वर वैष्णव, विवेक निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, श्री शर्मा, सुनील यादव, गुप्ता जी एवं निर्वाणी परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहकर रामदत्त जी का आत्मीय स्वागत किया। तदास्य की जानकारी छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के युवा प्रकोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष वैभव निर्वाणी।



राजनांदगांव / शहर के भीतरी मार्गो में चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध है इसके बाद भी शहर में धड़ल्ले से प्रवेश कर रहा है चार पहिया वाहन। इसके चलते हर पल यातायात जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे शहर आए लोगों को जाम में फंसकर छटपटाना पड़ रहा है। बहरहाल, भारत माता चौक में यातायात विभाग का मुंह चिढ़ा रहा चारपहिया वाहन प्रतिबंधित का यह पोस्टर।

## शांति एवं सदभाव के साथ मनाया जाएगा पारीनाला वाले हजरत बाबा जलालुद्दीन शाह का उर्स पाक

- कलेक्टेट में शांति समिति की हुई बैठक
- शहर से कुछ दूरी पर स्थित पारीनाला वाले बाबा सैयद



राजनांदगांव (दावा)। रहमतुल्लाह अलैह दरगाह जलालबाग का 47 वां उर्स पाक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्ट्रेट में शांति समिति की बैठक ली गई। बताया जा रहा है कि शहर में उक्त उर्स पाक 15 मई से 18 मई तक आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह जलालबाग पारीनाला में 47 वां उर्स पाक शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार मनीष वर्मा की उपस्थिति में मुस्लिम समाज/उर्स कमेटी के प्रतिनिधी गण उपस्थित हुए।

इस दौरान हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स 04 दिन तक बड़ी शानो शौकत से मनाया जाने की चर्चा की गई तथा उर्स के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये विस्तार से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु कार्यक्रम मेला स्थल, पार्किंग स्थल, वनवे रूट एवं संदल रूट व्यवस्था के साथ कई निर्णय लिये गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने कहा की सालाना उर्स मुबारक आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द व शांतिपूर्ण आयोजन हो तथा इस कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी।

उक्त बैठक में हाजी मंसूर अंसारी (सदर पारीनाला), अफताब अहमद, मो. इरफान शेख, तहीम बड़गुजर, मिर्जा हबीब बेग (लीगल कमेटी), मोहम्मद फारूख, मु वसीम झाडुदिया, ए.आर.खान, मो. इब्राहिम (मुन्ना), शकीब रिजवी एवं मुस्लिम समाज के गणमान्यगण उपस्थित थे।

### संस्कृति गौतम का सुयश, 12वीं बोर्ड में मिले 90 प्रतिशत अंक



रायपुर (दावा)। प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की सुपुत्री कु. संस्कृति गौतम ने 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कॉमर्स विषय में 90 प्रतिशत अंक लाकर द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल रायपुर सहित पूरे परिवार को गौरवान्वित किया। कु. संस्कृति शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। साथ ही मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट की डिग्री के साथ राष्ट्रीय स्तर पर उसने मेडल भी अर्जित किया है। इसके पूर्व भी संस्कृति के बड़े भाई संकल्प गौतम ने 12वीं सीबीएसई कॉमर्स में डीपीएस, राजनांदगांव में प्रथम स्थान किया था। संस्कृति की उपलब्धि पर परिजनों सहित इष्ट मित्रों ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महिला सेल ने पीड़ित महिला की एक वर्षीय बच्ची का मनाया जन्मदिन



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले में पुलिस विभाग के द्वारा महिला सेल की स्थापना की गई है। मंगलवार 14 मई को पीड़ित महिला को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था।

साथ ही उसके पति व परिजन से भी महिला सेल के द्वारा पूछताछ की गई है। इस दौरान पता चला की पीड़ित महिला की एक वर्षीय बच्ची का जन्म दिन है। इस जानकारी के बाद महिला सेल के द्वारा मानवीय भाव से बच्ची का जन्म दिन मनाकर पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को समझौता कराया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी शक्ति सिंह, महिला अधिकारी प्रियंका पैकरा, सविता वर्मा, गन्नू लाल साहू, धनेश ठाकुर सहित स्टाफ के अन्य कर्मचारी व परिजन मौजूद रहे।

## चित्रगुप्त जयंती प्रकट उत्सव का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कायस्थ समाज के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाला के अध्यक्षता में मुक्तिबोध स्मारक में स्थित श्री जन संवाद में बैठक रखी गई थी जिसमें निर्णय लिया गया की चित्रगुप्त जयंती प्रक्तुत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 15 मई को सुबह 8:30 बजे शंख महाआरती समाज के लोगो द्वारा विशेष कर महिलाओं, बहने, बुजुर्ग, युवा साथियों द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात 9 बजे से नर्सरी से 5 साल के नन्हे मुन्ने बच्चो का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखा गया है, जिसमें विवेकानंद प्रशस्ति पत्र तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय का चयन किया जाएगा और मेडल एवं नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

माता पिता से निवेदन है की 9 से 12 तक बच्चों को सजाकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका दे। 12 बजे के उपरांत कायस्थ महिला मंडली द्वारा 12 से 2 बजे तक रामायण भजन का कार्यक्रम रखा गया है, तथा 2 बजे से चल रहे भागवत महापुराण का आनंद एवं आशीर्वाद प्राप्त करें। संध्या 7:00 बजे पुनः भगवान चित्रगुप्त जी का शंख महाआरती किया जायेगा। महाआरती के बाद मुनालाल के.में.मेघराज के.में. द्वारा विशेष आकर्षण स्वागत स्वरूप सुनाया जाएगा। सुबह 9 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में फल चढ़ाकर प्रसादि वितरण की प्रक्रिया रात्रि 9 बजे तक चलती रहेगी।

न्याया. नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्र. 202404090100020/A-21(1)

मामले की श्रेणी- राजस्व विषय : अ-21(1) वर्ष 2023-24

मलईडबरी (प.ह.नं. 00006)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- टुमनलाल

अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव से प्राप्त, आवेदक टुमनलाल आ. श्यामलाल, जाति गोंड़, निवासी-ग्राम माड़ाभांवर, तह. डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा स्वयं के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम मलईडबरी, प.ह.नं. 6, तुमड़ीबोड़, तह. डोंगरगांव, खसरा नं. 32/2, 32/9 एवं 37, कुल रकबा 0.6350हे. (1.57 एकड़) भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति श्रीमती सीमा वर्मा को विक्रय की अनुमति हेतु एवं अपने पुत्र/ पुत्री के विवाह एवं अपने मां के इलाज तथा मकान निर्माण के लिये रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165(6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है. आवेदक द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री के विवाह एवं अपने मां के इलाज तथा मकान निर्माण के लिये रकम की आवश्यकता होने के कारण उपरोक्त भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष पेश करने पर बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है.

उक्त आवेदन के आधार पर आदिवासी से गैर आदिवासी को भूमि विक्रय किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27.5.2024 को शाम 5.30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.5.2024 को जारी किया जाता है.

अब्दुल वाशिम सिद्दकी
नायब तहसीलदार, डोंगरगांव

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनद कुमार पिता जगदीश सिन्हा निवासी ग्राम भण्डारपुर तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा ग्राम भण्डारपुर प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. मुढ़ीपार तहसील खैरागढ़ स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 104/2 रकबा 0.522हे. में से 29 डिसमिल भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 27/05/ 2024 को नियत किया गया है।

अतःउपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खैरागढ़

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405091900015

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व

सचः-2023-2024

रामपुर प.ह.नं. 00035 (हे0) ]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार सरित कुमार. अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरित कुमार पिता पंचराम जाति गोड़ निवासी रामपुर तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा अपने बड़े पिता प्रेमलाल पिता बनाफर की मृत्यु दिनांक 25/03/1999 को ग्राम रामपुर में हुआ है भूलवश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नहीं कराया गया है अतः आवेदक बड़े पिता प्रेमलाल पिता बनाफर की मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने हेतु स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण पत्र पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी **दिनांक** 20/5/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक** 03/05/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, डोंगरगांव

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-7-8
149-4 569-0

राजधानी
1-6-8
177-5 127-0

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202405091100015/

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व

सनः-2023-2024

मचानपार प.ह.नं.00008 [(हे.)] [570/1 (1.4480 हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-

एबीस एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली,

अनावेदक पक्षकार-एबीस पोल्ट्री प्रा. लि. राजनांदगांव

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एबीस एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादूर अली आत्मज स्व. अब्दूल अजीज निवासी बल्देवबाग राजनांदगांव द्वारा अधिकृत अधिकारी निर्मल सिंग संघू आ. खजान सिंग संधू आयु लगभग 54 वर्ष निवासी फ्लेट नं. 8 अ. ब्लॉक नंबर 05 सिंगापुर सिटी महोबा बाजार टाटीबंध रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर एबीस पोल्ट्री प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादूर अली आ. स्व. अब्दूल अजीज निवासी बल्देव बाग राजनांदगांव के हक एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम मचानपार पटवारी हल्का नं. 08 तहसील डोंगरगांव में खसरा नं. 570/1, 571 एवं 594 इस प्रकार कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 1.4480 हेक्टेयर दर्ज स्थित है। माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल कटक बेन्च, कटक द्वारा प्रकरण क्रमांक c.p (CAA) no.13/VCTB/2020 connected with C.A. (CAA) no. 122/CTB/2019 जिसके पक्षकार एबीस ब्रायलर प्राईवेट लिमिटेड हेलिफेक्स मर्चेन्डाइस प्राईवेट लिमिटेड एबीस ऑर्ग्रेनिक फर्टीलाईजर प्राईवेट लिमिटेड एबीस पोल्ट्री प्राईवेट एवं अजीज पोल्ट्री प्राईवेट लिमिटेड में दिनांक 20/08/2020 को पारित आदेश के आधार पर नाम एबीस एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादूर अली आ. अब्दूल अजीज निवासी बल्देव बाग राजनांदगांव का नाम राजस्व अभिलेख में ऑनलाईन दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्स संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 06/06/2024 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/05/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, डोंगरगांव

# शिवनाथ पुल में उभर आए बड़े- बड़े गड्ढे



**खतरनाक हुए दोनों छोटे-बड़े पुल**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ के नए मोहारा पुल में बड़े- बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इससे वाहन चालकों को दचके खाते हुए गुजरना पड़ रहा है। इससे किसी भी पल दुर्घटना होने का खतरा है। बता दें कि शिवनाथ नदी के उक्त बड़े पुल के बीचों बीच बड़ा सा जानलेवा गड्ढा बना हुआ है जिससे गुजरते समय लोगों को जान का खतरा बना रहता है। पुल के छोर तक और भी छोटे -बड़े अनेकों गड्ढे होने से लोगों के आवाजाही में खासी परेशानी हो रही है इसके बाद भी पी डब्ल्यू डी के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहें हैं। लगभग यही हालात मोहारा नदी के छोटे पुल का भी है। इस पुल में भी गड्ढे उभर आए हैं जो खतरनाक जान पड़ते है। चूंकि इस पुल में नदी का पानी काफी नजदीक है इससे जरा सी भी चूक होने पर वाहन चालकों को नदी में गिर जाने का खतरा बना रहता है। बता दें कि पिछली सरकार के दौरान सेतु निगम के कार्यालय को यहां से हटा कर अन्यत्र ले जाया गया है। इससे पुलों के रख- रखाव सहीं ढंग से नहीं हो पा रहा है। सुरगी रोड में मलपुरी के समीप का पुल का खतरनाक भग्नावशेष लोगों को दुर्घटना के लिए आमंत्रित कर रहा है। फिलहाल सत्ता सरकार के चेंज होते ही हल्दी वार्ड से लेकर सुरगी तक की जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार शुरू हो गया है। गिट्टी बिछा कर डामरीकरण का कार्य जारी है। लेकिन इधर हल्दी वार्ड से पहले पड़ने वाले शिवनाथ नदी के बड़े पुल व मोहारा नदी के छोटे पुल की दुर्गति की ओर संबंधित विभाग का ध्यान नहीं जाने से इस रोड से आवाजाही करने वाले लोगों व वाहन चालकों में विभाग के प्रति नाराजगी बनी हुई है। यदि शिवनाथ नदी के इस दोनों छोटे- बड़े पुल की सड़क का मरम्मत नहीं किया गया व गड्ढे नहीं भरे गए तो बारिश में यह सर्वाधिक परेशानी का कारण बन सकता है।

# जिले में स्थित देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों में अहाता संचालन के लिये हुआ ठेका

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिला आबकारी विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए जिले में स्थित मदिरा दुकानों से संबद्ध अहातों के प्रबंधन के लिये आवेदन पत्रों का चयन प्रक्रिया संपन्न कर ली है।। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल तथा जिला आबकारी अधिकारी डिगेश देवांगन के मार्गदर्शन में चयन प्रक्रिया का आयोजन शुक्रवार 10 मई को पारदर्शी ढंग से किया गया।। चयन प्रक्रिया में पात्र आवेदनों की निविदा दर (अधिकतम) के आधार पर आवेदकों को चयनित किया गया। कुल 7 आवेदक प्रथम स्थान पर चयनित किये गए। कम्पोजिट मदिरा दुकान मूढ़ीपार हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। देशी एवं विदेशी मदिरा अहाता खैरागढ़ के लिए गुरूविंदर सिंह ढिल्लोन, देशी एवं विदेशी मदिरा अहाता छुईखदान के लिए नितीश कुमार, देशी मदिरा अहाता गण्डई के लिए दिनदयाल जायसवाल, विदेशी मदिरा अहाता गण्डई के लिए आकाश यादव और देशी मदिरा अहाता कम्पोजिट साल्हेवारा के लिए यमन कुमार वर्मा शामिल हैं। चयनित आवेदकों को अब जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में निर्धारित जमा राशि जमा करनी होगी।। इस जमा राशि को जमा करने के पश्चात् ही सम्बंधित विभाग द्वारा उन्हें चयनित अहातों का संचालन करने के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा।

# पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की संयुक्त बैठक पेंशनर भवन में सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। डॉ. टाण्डेकर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन के हित में हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर काम करना चाहिए तभी संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों ने मेरे घर जाकर मुझे सदस्य बनाया है। अतः मैं संगठन को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए काम करता रहूंगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी.एन. साहू ने की। डॉ. टाण्डेकर को ये लम्बे समय से जानते है। वे विद्वान, कर्त्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और कुशल संगठनकर्ता है। उनके मार्गदर्शन में पेंशनर संगठन ऊंचाई पर पहुंचेगा। बैठक को प्रांतीय महामंत्री के.पी. सिंह, दीपक सिन्हा, प्रांतीय सचिव डी.डी. पाण्डे, श्रीमती हसीना खान, दुर्ग जिला अध्यक्ष, राजनांदगांव ग्रामीण अध्यक्ष, जी.एल. सोनबाईर ने भी सम्बोधित किया। एल.डी. बड़ोनिया ने अनेक राज्यों के हाईकोर्ट का आदेश बताते हुए कहा कि 80 वर्ष की उम्र में 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशनर को मिलता है। यदि हाईकोर्ट में केस दर्ज करे तो उन्हे 79 वर्ष से मिलना शुरू हो जाएगा। अतः बिलासपुर हाईकोर्ट जाने के लिए बड़ोनिया को संयोजक बनाया गया जो हाईकोर्ट जाना चाहते है वे बड़ोनिया से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

इस अवसर पर नए सदस्य डॉ. केएल टाण्डेकर दीपक सिन्हा, सीताराम साहू को सदस्यता सम्मान भेंटकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से बीरबल सिंह ठाकुर, नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे, हाजी के बी कुरैशी, दुर्ग जिला महासचिव धानेश्वर कुमार निर्मल, विजय लाल निषाद, हमीर चंद साहू, एच.डी. साव, ए एन अंसारी, अब्दुल मजीद, शंकर लाल यादव, सुश्री पीएल सांवरकर सहित इस गर्मी में बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। बैठक का संचालन एसके सिंह ने किया। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे ने दी। प्रांतीय चुनाव का कार्यक्रम गर्मी के बाद कराया जाएगा। अंत में राष्ट्रीय गीत के बाद समापन किया गया।

# हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक बने आदर्श सिंह ठाकुर



राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू जागरण मंच की बैठक केसर नगर संघ कार्यालय राजनांदगांव में रखा गया था जिसमें राजनांदगांव जिले की नए दायित्व की घोषणा की गई। हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठक राजेश भार्गव, हिंदू जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक भूषण साहू एवं हिंदू जागरण मंच के प्रांत विधि आयाम के प्रमुख राजेश खांडेकर, प्रमोद तिवारी सूचना संग्रह आयाम, राम बिहारी मिश्रा प्रांत प्रशिक्षण आयाम प्रमुख थे राजनांदगांव जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें आदर्श सिहं ठाकुर को राजनांदगांव जिला हिंदू जागरण मंच का संयोजक नियुक्त किया गया है साथ ही जिला कार्यकारिणी में विजय मानिकपुरी, हरीश गांधी, विवेक मिश्रा, सुनील पासवान को संगठन के विभिन्न आयामों के साथ जिला कार्यकारिणी में रखा गया है। हिंदू जागरण मंच का काम हिंदू धर्म की रक्षा उनका संवर्धन करना है हिंदू संस्कृति को बचाना, सनातन धर्म की रक्षा करना के लिए उक्त बैठक में हिंदू जागरण मंच के शशिकांत भावे, रोहित शर्मा, तीर्थराज यादव, जिला प्रचारक पुष्पेंद्र निषाद आदि पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित थे।

# नगर निगम के एसएलआरएम सेन्टर से प्राप्त करें जैविक व वर्मी खाद



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के एसएलआरएम सेन्टरों में स्वच्छता दीदीयों द्वारा गीला कचरा से जैविक व वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। जिसका उपयोग उद्यानों एवं कृषि फसलो के लिये अत्यंत उपयोगी है, उक्त खाद निगम के एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर में प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बाजार एव घर से निकलने वाले कचरा जिसे स्वच्छता दीदीया डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला एवं सुखा कचरा संग्रहण करते है, जिसे एसएलआरएम सेन्टर में उनके द्वारा पृथककरण किया जाता है और गीला कचरा व पत्तियाँ आदि से खाद बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 60 दिन की प्रक्रिया में पीठ एवं कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद का निर्माण किया जाता है, प्रक्रिया के तहत डी-कम्पोस्ट व गोबर घोल डालकर उलट पलट किया जाता है, जिसे 60 दिन के उपरांत जैविक तथा वर्मी खाद का उत्पादन होता है



आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद किचन गार्डन, सब्जी बागवानी, घरों के उद्यानों, तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी है। यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीला कचरा व पत्तियों आदि से बनाया जाता है, इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, जिस कारण से यह खाद फसलों, सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैविक तथा वर्मी खाद का पर्याप्त भण्डारण निगम के पास है, जिसे नवागाँव, रेवाडीह, लखोली व मोहारा के एसएलआरएम सेन्टर से बाजार मूल्य से न्यूनतम दर पर प्राप्त किया जा सकता है। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों एवं कृषकों से अपील करते हुये कहा है कि केमिकल मुक्त जैविक तथा वर्मी खाद का अपने उद्यानों व फसलो की उर्वरा शक्ति बढ़ाने एवं शुद्ध उत्पादन के लिये उपयोग करने एसएलआरएम सेन्टरों से न्यूनतम दर पर प्राप्त कर सकते है।

# संस्कारसिटी में दसवीं बोर्ड (सीबीएसई) का परीक्षा फल शत-प्रतिशत







राजनांदगाँव (दावा)। गुणवत्तायुक्त व मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था 'संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल' में दसवीं बोर्ड (सीबीएसई) का परीक्षाफ ल शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी अच्छे प्राप्तांकों से उत्तीर्ण हुए हैं। इस संबंध में संस्था प्राचार्या श्रीमति रेखा तिवारी ने बताया कि अनुज्ञा जैन 90.00 प्रतिशत, संतोष वट्टी 85 प्रतिशत, रितेश पैंकरा 84.5 प्रतिशत प्राप्तांक हासिल कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संस्था के प्रबंधकगण ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शानदार परिणाम के लिए पालकों ने विषय विशेषज्ञों एवं शिक्षकों के बेहतर मार्ग दर्शन को श्रेय दिया है। पालकों ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए दूरभाष पर बधाईयॉं भी दी है।

# राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को मिल रहा लाभ

**राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए किया जा रहा शिविरों का आयोजन**
- कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के दिए निर्देश
- जिले में आयोजित 30 शिविरों में 580 आवेदन निराकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी तहसीलों में राजस्व शिविर का आयोजन होना चाहिए।

जनसामान्य को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जो खाता विभाजन करना चाहते हैं, उनकी सहमति से खाता विभाजन करा दें, ताकि उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में तकनीकी दिक्कत नहीं आयें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी निर्धारित दिनों में मुख्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगें।

उल्लेखनीय जिले में आयोजित कुल 30 राजस्व शिविरों में 887 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 580 आवेदन निराकृत किया गया है। राजस्व शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। राजस्व शिविरों के आयोजन से आम जनता को लाभ मिल रहा है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 10, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 7, छुरिया तहसील अंतर्गत 4, कुमरदा तहसील अंतर्गत 9 राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविरों के माध्यम से अविवादित नामांतरण के 88, अविवादित बंटवारा के 2, सीमांकन के 1, आय प्रमाण पत्र के 254, निवास प्रमाण पत्र के 101, जाति प्रमाण पत्र के 63 एवं अन्य प्रकरणों के 71 आवेदनों का निराकरण किया गया।

# केन्द्रीय विद्यालय 12वीं विज्ञान में खुशांत, वाणिज्य में सौम्य, 10वीं में मिताली प्रथम

राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय विद्यालय सीबीएसई की कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। कल घोषित सीबीएसई के नतीजों में 12 वीं में विद्यालय के कुल 43 विद्यार्थियों में से सभी 43 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे।

10वीं में 35 में से सभी 35 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खुशांत हिरवानी प्रथम, 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मोनिषा साहू द्वितीय एवं 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मृणाल कुलकर्णी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सौम्य साहू प्रथम, 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लव्य साहू द्वितीय एवं 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सृजन उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा दसवीं में मिताली 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अनुषा 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं पवन मीना 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार एवं सभी शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

# प्री वेडिंग शूट का बहिष्कार



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के श्री पार्श्वनाथ जैन बगीचा में विराजित मुनिराजश्री तीर्थप्रेम विजय जीमसा ने अपने वक्तव्य में फरमया सरदार पटेल ने कि अपनी जीवनी में लिखा है मैने अपने संपूर्ण जीवन दौरान अपनी मौजूदगी में अपने भाई भाभी को बात करते हुए भी नहीं देखा यही हमारी भारतीय संस्कृति है। इन्हीं के वंशज होते हुए अपने संस्कार और उज्वल परम्परा को टिकाने असमर्थ क्यों बन रहे हैं? पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण क्यों? संस्कारों की विरासत को छोडकर प्री-वेडिंग शूट, मेटरनिटी शूट क्यों? युवा पीढी को अपनी मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। इस तरह से मुनिराज श्री ने प्री-वेडिंग शूट का सख्त विरोध किया उन्होंने सभा के समक्ष अपील की।

आज वैशाख शुक्ल छठ को यहाँ विराजित सरल स्वभावी प. पू. राजरत्ना श्री जी म.सा के स्वर्णिम सयम जीवन के 54वें वर्ष पर यही अर्पण करना है कि हम और न तो प्री-वेडिंग शूट करवाएगे, कोई कराने वाले के साथ नही जाएंगे, और न तो स्टेटस स्टोरी पर डालेंगे। हर्ष की बात यह है कि सभा में स्थित हर एक व्यक्ति ने यह संकल्प किया फिर चाहे वो बच्चा हो, वृद्ध हो या युवा हो....

पु. गुरु भगवंतों से यही प्रार्थना है कि वे सतत् हमें मार्गदर्शन देते रहें ताकि गलत का बहिष्कार हम करते रहे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिला पंचायत सदस्य पद से दिया त्याग पत्र

कवर्धा, 14 मई (आरएनएस)। विधानसभा से विधायक प्रदेश में उप मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहे विजय शर्मा ने सोमवार को जिला पंचायत सदस्य पद से ईस्तीफा दे दिया .उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शुसिला रामकुमार भट्ट को जिला पंचायत जाकर अपना त्याग पत्र सौपा .विजय शर्मा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य चुने गए थे .

# डॉ. जेबी सिंह सर की स्मृति में स्कॉलरशिप




**डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश हेतु खासा उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। मानवीय मूल्यों के साथ उत्कृष्ट शिक्षा देने के उद्धेश्य से स्थापित शाला डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रावीण्य विद्यार्थियों के प्रवेश लेने पर विशेष आकर्षक स्कॉलरशिप दी जा रही है। प्रदेश के किसी भी विद्यालय से कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने पर यहां डॉ. जेबी सिंह सर की स्मृति में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्रबंधन ने बताया कि शून्य शिक्षण शुल्क पर इन बच्चों के प्रवेश लेने पर 11वीं व 12वीं दोनों वर्षो की पढ़ाई पुर्ण निःशुल्क रहेगी। ज्ञातव्य है कि संस्था में मॉडर्न लेबोरेटरीज, अल्ट्रा मॉडर्न कंप्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब, विशाल प्लेग्राउंड, डाउट क्लीयरिंग कक्षाएं, साप्ताहिक व मासिक मूल्यांकन, नॉलेज गैप एनालिसिस करते हुए प्रत्येक बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाएगा। उत्कृष्ट दर्जे की किताबें, पाठ्य पठन सामग्रियाँ, व्यक्तित्व के चौमुखी विकास पर ध्यान देते हुये न्यूमेरिकल एप्टीट्यूड, लॉजिकल एप्टीट्यूड, रीड़निंग एवं कन्सेप्चुएल एप्टीट्यूड पर ध्यान देते हुए मैनर एवं एटिकेट्स मोबाइल से बच्चों को विरक्त करने हेतु कार्यशालाएं, नीट और जेईई हेतु कक्षा पांचवी से ही अतिरिक्त निःशुल्क कोचिंग स्पोर्ट्स में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शून्य शिक्षण शुल्क, कम्युनिकेशन स्किल्स क्लासेस, लाइफ स्किल क्लासेस, कम्युनिकेशन इंग्लिश पर विशेष कक्षाएं, आईएएस, आईपीएस कैरियर हेतु विशेष कक्षाएं, प्रयोगों द्वारा वैज्ञानिक संकल्पनाओं का शिक्षण, जीवंत सामग्रियों के साथ बच्चों को कक्षा में दैनिक जीवन से संबंधित वस्तुओं का उपयोग करते हुए वैज्ञानिक तथ्यों को समझाना, हेल्थ व हाईजीन, समय का महत्व, किशोरावस्था से संबंधित समस्याओं पर विशेष वर्कशॉप, मनोवैज्ञानिक कार्यशालाएं अद्यतन तकनीक से युक्त प्रवीण व दक्ष शैक्षणिक स्टॉफ के द्वारा सकारात्मक शिक्षण पठन कराया जाएगा, जिसमें अंचल के वरिष्ठ विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जाएगा। यह ऑफर सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए है। अतः फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व बेसिस पर आकर पालकगण शाला में आकर लाभ उठा सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि सोनालिका रुचंदानी यूपीएससी, शैंकी बग्गा यूपीएससी चयनित, ज्ञानेश्वरी यादव ओलंपिक चयनित, सीएजी (कैग ऑडिटर) मृणाल चौबे को पढ़ाने वाले शिक्षक एवं प्रशिक्षक यहां पर सेवा दे रहे हैं। इस वर्ष भी यहाँ कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल (सी.आई.एस.सी.ई.बोर्ड), प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल (सी.बी.एस.ई. बोर्ड), प्राचार्य गोपाल साहू (सी.जी. बोर्ड), बरसर आई.के. वैष्णव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को ढेर सारी बधाई दी द्य यह संस्थान गुणवत्ता युक्त शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

# बसंतपुर पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। आरोपी का नाम रवि वर्मा पिता संत राम वर्मा निवासी 28 वर्ष निवासी लखोली, राहुल नगर बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी से 16 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 2.880 बल्क लीटर कीमती 1440 रूपये एंव शराब बिक्री रकम 200 रूपये जप्त किया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ, सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर उनके थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर ब्लु डायमंड सिटी कालोनी के सामने मोहारा जाने का रास्ता मे अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी रवि वर्मा पिता संत राम वर्मा को पकड़ा गया। उसके पास से 16 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 2.880 बल्क लीटर कीमती 1440 रूपये एंव शराब बिक्री रकम 200 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूध थाना बसंतपुर मे अप0क्र0 224/2024 धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया उक्त् कार्यवाही मे उनके साथ निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू एवं बी 9 पेट्रोलिंग पार्टी आरक्षक आदित्य सोलंकी आरक्षक राजेश् बंदेश्वर की भूमिका सराहनीय रही।

# धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट न मिलने से क्या बीजेपी को फ़ायदा होगा?

**प्रवीण कुमार**

जौनपुर लोकसभा का चुनाव छठे चरण में 25 मई को होना है. लेकिन इस क्षेत्र की चर्चा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही हो रही है.

इस चर्चा को नामांकन के अंतिम दिन यानी छह मई को बीएसपी ने अपना उम्मीदवार बदलकर और तेज़ कर दिया है. बीएसपी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी और वर्तमान में जौनपुर की ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला रेड्डी को 16 अप्रैल को अपना उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन टिकट बदलते हुए नामांकन के अंतिम दिन अपने वर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट दे दिया.

अब जौनपुर लोकसभा में बीजेपी से कृपाशंकर सिंह, बीएसपी से श्याम सिंह यादव और एसपी के टिकट पर बाबू सिंह कुशवाहा मैदान में हैं. लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह बन गया है कि क्या धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट बदले जाने से बीजेपी को फ़ायदा होगा और हो रहा है तो कितना हो रहा है?जौनपुर के शाहगंज विधानसभा के सुरिस गांव के निवासी अशोक सिंह कहते हैं, च्धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का बसपा से टिकट कटने से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह को सीधे तौर पर फ़ायदा मिलेगा.श्रीकला रेड्डी के चुनाव लड़ने की दशा में क़रीब 50 प्रतिशत ठाकुर उनको वोट करता, अब जब वह चुनावी मैदान में नहीं है तो ठाकुर वर्ग का सारा वोट भाजपा प्रत्याशी को जाएगा. धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी चाहे जिस पार्टी से या निर्दलीय ही चुनाव लड़तीं, अच्छा वोट पातीं.

अशोक सिंह खुद ठाकुर हैं. वे ठाकुरों के रुझान के बारे में दावा करते हैं, च्जौनपुर में ठाकुर वर्ग की पहली पसंद धनंजय सिंह ही हैं लेकिन अब वह चुनाव में नहीं हैं तो कृपाशंकर सिंह को वोट करेंगे. बसपा प्रत्याशी श्याम सिंह यादव सपा को ही नुक़सान पहुंचाएंगे, पहले जब श्रीकला उम्मीदवार थीं तो बीजेपी को नुक़सान हो रहा था, अब मामला पलट गया है.

वहीं जौनपुर सदर विधानसभा के चौकिया गुरैनी निवासी मोहम्मद अज़ीज़ बीएसपी के इस फ़ैसले को पार्टी का अंदरूनी मामला बताते हैं, ÷श्रीकला रेड्डी के चुनावी मैदान में होने से ठाकुर और कुछ मुस्लिम वर्ग को वोट उनको जाता लेकिन अब ठाकुर वोट भाजपा की तरफ़ जा रहा है.





मुसलमान जो धनंजय सिंह को पसंद करता है वह अब सपा को वोट करेगा, श्रीकला के चुनाव न लड़ने से फ़ायदा दोनों पार्टियों को मिल रहा है. हां ज़रूर श्याम सिंह यादव के बसपा से प्रत्याशी होने के बाद कुछ यादव भी श्याम सिंह यादव को वोट करेंगे, इसलिए सपा को थोड़ा नुक़सान तो हो रहा है.जौनपुर लोकसभा के मल्हनी विधानसभा के रामपुर बैजापुर निवासी पूर्व प्रधान अरविंद कुमार सिंह की राय इससे उलट है. वो कहते हैं, च्धनंजय सिंह लगातार कई चुनाव हार चुके हैं, इनके पत्नी का टिकट कटने से बहुत फ़र्क़ भाजपा के चुनाव पर नहीं पड़ा रहा है. हां ज़रूर इनके चुनाव लड़ने पर दोनों पार्टियों सपा और भाजपा को नुकसान पहुंचता. क्योंकि कुछ ठाकुर, मुसलमान, यादव और कुछ ओबीसी वर्ग के लोग इनको वोट करते. श्याम सिंह यादव सपा को नुकसान पहुंचाएंगे यह भी पूरी तरह से ग़लत है. यादव हर हाल में सपा को ही वोट करेगा.ज्जौनपुर सदर विधानसभा के सिद्दीकपुर निवासी डीके सिंह धनंजय सिंह के समर्थक हैं. वो कहते हैं, च्बहन जी (मायावती) ने किसी के दबाव में टिकट काटा क्योंकि धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को 100 प्रतिशत चुनाव जीतना था. धनंजय सिंह की पत्नी चुनाव जीत रही थीं लेकिन किस दबाव में टिकट काटा यह समझ से परे है, इसका खामियाजा बसपा को भुगतना पड़ेगा.÷

÷यह बात बिलकुल सच है कि भाजपा को जिताने के लिए टिकट बदला गया है. यहां से डमी कैंडिडेट मायावती लड़ाना चाहती हैं. हम सब धनंजय सिंह के आदेश का इंतज़ार कर रहे हैं वो जहां कहेंगे और उनके सभी समर्थक वहीं वोट करेंगे.ज्ज

पूर्व में कांग्रेस के कद्दावर नेता कृपाशंकर सिंह महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं. साल 2019 में कांग्रेस को अलविदा कह वो 2021 में बीजेपी में शामिल हो गए थे. कृपाशंकर सिंह अब जौनपुर से बीजेपी के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं.

बीएसपी के अंतिम समय में टिकट बदलने के सवाल पर कृपाशंकर सिंह कहते हैं, च्यह बसपा का अंदरूनी मामला है कि किसका टिकट काट कर किसको दे रहे हैं, इससे न मुझे और ना ही भाजपा का कुछ लेना-देना है.अगर धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट नहीं कटता तो आपको नुक़सान पहुंचता इस सवाल को बीच में ही काटते हुए वो कहते हैं, च्अब जो हुआ नहीं, कौन लड़ता, क्या होता? इस पर मुझे नहीं जाना है. मैं तो प्रत्याशी हूं यही दिखाई दे रहा है. आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में लिए गए फ़ैसले और यूपी में माननीय योगी जी द्वारा लिए गए फ़ैसले के आधार पर लोगों के बीच में जाना है, अगर मुझे यहां से सांसद बनने का मौक़ा मिलता है तो रोज़ी-रोटी के लिए जौनपुर के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा. बीएसपी प्रत्याशी के तौर पर श्याम सिंह यादव के आने से क्या अपना फ़ायदा होता दिखाई दे रहा है? इस सवाल पर कृपाशंकर सिंह कहते हैं, च्मैं इस तरह से सोचता ही नहीं, मैं तो सुबह निकलता हूं, कितने लोगों से मिलता हूं, दिनभर में कितने लोगों से मिल सकूं यही सोचता हूं. मेरी लड़ाई न सपा से है न बसपा से है.

जो विकास के विरूद्ध हैं मेरी लड़ाई उससे है. यह मैं नही तय कर सकता कि इस चुनाव में मेरा मुख्य प्रतिद्वंदी कौन है यह जनता तय करती है. मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं लेकिन मुझे मेरी और भारतीय जनता पार्टी की जीत साफ़ दिखाई दे रही है.

पांच मई के घटनाक्रम को याद करते हुए जौनपुर से वर्तमान बीएसपी सांसद और बीएसपी प्रत्याशी श्याम सिंह यादव कहते हैं, च्05 और 06 मई के मध्य रात्रि 12ः30 बजे मायावती जी का फ़ोन आता है और मुझे चुनाव लड़ने के लिए कहती हैं. हालांकि, क़रीब तीन महीने पहले मैं प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव न लड़ने की इच्छा ज़ाहिर कर चुका था लेकिन बहन जी के फ़ैसले को मैं मना नहीं कर सकता था.÷

÷थोड़ा हिचक ज़रूर रहा था लेकिन अंततः मैंने उनकी इच्छा अनुसार 06 मई (नामांकन के अंतिम दिन) को बीएसपी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखि़ल किया. 2019 में भी जौनपुर की जनता ने मुझे आशीर्वाद देकर सांसद बनाया इस बार भी मुझे जनता का आशीर्वाद मिलेगा.÷धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का टिकट काट कर अंतिम समय में आपको टिकट क्यों दिया गया इस सवाल के जवाब में श्याम सिंह यादव कहते हैं, च्मैं इन सब बातों में नहीं पड़ना चाहता, इसमें बड़ा विरोधाभास है. उनका (धनंजय सिंह) वर्ज़न कुछ और है और पार्टी का कुछ और है, ना ही मैं इस बारे में कुछ जानता हूं.ज्हालांकि, श्याम सिंह यादव अपने जौनपुर सांसद के तौर पर क्षेत्र में किये गये विकास कार्यों को गिनाते हुए कहते हैं, च्कुछ लोग कहते हैं कि मैं क्षेत्र में दिखाई नहीं देता. मैंने कोई विकास कार्य नहीं किया है. इस तरह के आरोप सही नहीं हैं, मुझसे जितना हो सका मैंने एक सांसद के तौर पर क्षेत्र के विकास के लिये काम किया.

चुनाव पूर्व एसपी से नज़दीकियों के सवाल पर श्याम सिंह यादव दावा करते हैं, च्मैं कभी टिकट मांगने के लिए सपा के पास नहीं गया, बल्कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुझे बुलाया था और जौनपुर से मुझे लड़ाने की इच्छा ज़ाहिर की थी. एक बार नहीं कई बार अलग-अलग समय में मुझसे यह बात कही गयी, इस संदर्भ में बाद में मैंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को चिट्ठी भी लिखी थी.

## अनमोल दावा

> *जो कार्य में निष्क्रियता और निष्क्रियता में कार्य देखता है वह एक बुद्धिमान व्यक्ति है।*

## परीक्षाओं में फिर अव्वल, बदलते वक्त में लड़कियों की कामयाबी की धमक

पढ़ाई-लिखाई के तमाम क्षेत्रों में यही देखा गया है कि लड़कियों को जहां भी मौका मिला है, वे लड़कों के मुकाबले अपेक्षया कम संसाधनों में भी बेहतर नतीजे देती हैं।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के नतीजे इस वर्ष भी उत्साहजनक रहे। इन परिणामों के आंकड़ों के विश्लेषण के साथ-साथ इसके सामाजिक पहलू पर भी चर्चा स्वाभाविक है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार चले आ रहे रुख के मुताबिक इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी। हालांकि छात्रों की सफलता का अनुपात भी काफी अच्छा है, मगर आगे होने के जो मानक तय किए गए हैं, उसमें लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं के नतीजों में कुल 87.33 फीसद विद्यार्थी पास हुए। इस बार 91.52 फीसद लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों से 6.40 फीसद ज्यादा है। इसी तरह, दसवीं की परीक्षा में भी 94.75 फीसद लड़कियां सफल हुईं, जो लड़कों के मुकाबले 2.04 फीसद अधिक है।

अवसर मिलने पर हर मोर्चे पर साबित करने की क्षमता जाहिर है, एक बार फिर लड़कियों ने यह साबित किया है कि यह महज अवसर मिलने की बात है। वे हर मोर्चे पर साबित कर सकती हैं कि एक पुरुष प्रधान समाज में उनकी क्षमताएं कहीं भी लड़कों से कम नहीं हैं। पढ़ाई-लिखाई के तमाम क्षेत्रों में यही देखा गया है कि लड़कियों को जहां भी मौका मिला है, वे लड़कों के मुकाबले अपेक्षा कम संसाधनों में भी बेहतर नतीजे देती हैं। इसका एक मतलब यह भी निकलता है कि सामाजिक स्तर पर कई तरह की वंचना और बाधाओं के बीच भी वे खुद को बेहतर साबित कर सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि जन्म से लेकर बाद के जीवन तक में पढ़ाई-लिखाई से लेकर हर क्षेत्र में उनके सामने किस-किस तरह की अड़चनें आती रही हैं। लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रहों और संकीर्ण सोच वाले परिवार और समाज आमतौर पर उनके प्रति सहयोगात्मक रुख नहीं अख्तियार करते हैं।

हालांकि वक्त बदलने के साथ काफी संख्या में माता-पिता अब अपनी बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई और उनके बेहतर भविष्य को लेकर सजग हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर होना इस बात का सबूत है। मगर लड़कियों की कामयाबी की यह धमक सार्वजनिक जीवन के अन्य क्षेत्रों में कम दिखती है। सरकार और समाज को इस पहलू पर सजग होना होगा।

## कविता

### मृदा सी पुकार

खेतों से मृदा उठाते, रौंद-रौंद वे मिलाते,
अपनी हथेलियों से, चाक में बिठाते हैं।
वृत्ताकार घूम घूम, पहिए में झूम झूम,
सुंदर आकृतियों की, मटकी बनाते हैं।।
प्रातःकाल जल्दी जागे, नींद चैन सब त्यागे,
बैठ सभी बाजारों में, स्वेद वे बहाते हैं।
बढ़ती ऊष्मा में सारे, सिर्फ ईश के सहारे,
छोटी-छोटी झोपड़ी में, रात वे बिताते हैं।।
कभी धूप कभी छाया, सहती उनकी काया,
तृष्णा स्वयं त्याग सुख, लोगों को दिलाते हैं।।
एक-एक पैसा गिन, मेहनत रात दिन,
माटी में ही काम कर, माटी मिल जाते हैं।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम, जिला - गरियाबंद
छत्तीसगढ़

# भूलने की बीमारी को दूर करें योग

**अल्का सिंह, योग एक्सपर्ट**



अक्सर व्यस्त जीवनशैली के चलते हम कुछ ना कुछ रोजमर्रा की जिंदगी में भूल ही जाते हैं, परंतु जरूरत से ज्यादा इंपॉर्टेंट चीज भी बार-बार भूलना एक बीमारी का संकेत हो सकता है, इसीलिए कम उम्र में ही है भूलने की बीमारी तो हल्के में ना लें, हो जाएं सावधान।

स्ट्रेस- शायद आपको मालूम नहीं कि मानसिक अवसाद धीरे-धीरे आपकी ब्रेन मेमोरी को खोखला करता है। ज्यादा स्ट्रेस लेने की वजह से लोग डेमेंशिया और अल्जाइमर के शिकार हो जाते हैं।

कम नींद आना- अगर आप भी अनिद्रा (कम नींद लेना) के शिकार हैं तो संभल जाइए, क्योंकि इसका असर आपकी ब्रेन मेमोरी पर पड़ता है। नींद कम आने की वजह से न सिर्फ आपका स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि धीरे-धीरे आपके लिए चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। घर में चाबी या जेब में पैसे रखकर भूल जाना कोई आम बात नहीं है। जिस उम्र में लोगों की याद्दाश्त दुरुस्त होनी चाहिए उस उम्र चीजों को भूल जाना गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। टीनेजर्स में होने वाली इस बीमारी को डेमेंशिया या अल्जाइमर कहा जाता है। आइए जानते हैं आखिर इतनी कम उम्र में इस बीमारी की वजह क्या होती है? बार-बार भूलने की दिक्कत से न सिर्फ आपको कई मौकों पर शर्मिंदगी उठानी पड़ती है बल्कि यह आपके लिए एल्जाइमर जैसे गंभीर रोग का इशारा हो सकती है। ऐसे में योग की मदद से आप अपनी याददाश्त तेज कर सकते हैं। हाल में हुए एक अमेरिकी शोध के अनुसार, प्रतिदिन 20 मिनट तक योगासनों का अभ्यास दिमाग के लिए ट्रेडमिल पर घंटों दौड़ने से अधिक फायदेमंद है। आइए जानें याददाश्त बढ़ाने और दिमाग तेज करने वाले कुछ प्रभावी योगासनों के बारे में।

सर्वांगासन- प्रतिदिन सर्वांगासन के अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार अच्छी तरह रहता है और याददाश्त तेज रहती है। इसे करने के लिए पीठ के बल सीधे लेट जाएं। दोनों पैरों को साथ रखें और हाथों को कमर पर रखें। सांस अंदर की ओर लेते हुए दोनों पैरों को को पहले 30 डिग्री के कोण तक उठाएं, कुछ सेकंड इस अवस्था में रहने के बाद 60 डिग्री तक उठाएं और फिर 90 डिग्री तक उठाएं। अब सांस छोड़ते हुए दोनों पैरों को नीचे ले आएं और कुछ सेकंड शवासन में लेटें।

नोटः कमर और गर्दन में दर्द के मरीज इस आसन को न करें।

भुजंगासन- भुजंगासन न सिर्फ याददाश्त तेज रखता है बल्कि कमर दर्द से लेकर साटिका और स्लिप डिस्क जैसे रोगों में लाभदायक है। इसे करने के लिए पहले पेट के बल सीधे लेट जाएं और दोनों हाथों को कंधों के समानांतर रखें। अब सांस लेते हुए हाथों के बल शरीर के अग्रभाग को ऊपर की ओर उठाएं और जितना हो सकें उतना खींचें। 30 सेकंड तक इसी अवस्था में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

नोटः हार्निया के मरीज इस आसन को न करें।

कपालभाति प्राणायाम- इसे करने से श्वास की गति सामान्य होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह अच्छी तरह होता है। इसे करने के लिए पहले सुखासन में बैठ जाएं। अब गहरी सांस लें और फिर मुंह बंद कर तेजी से सांस बाहर की ओर छोड़ें। इस दौरान पेट की गति साफ दिखनी चाहिए। 30 सेकंड बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

स्तुतिः उमेश कुमार सिंह

## सामयिक चर्चा

### अभी कोई कुछ भी बोल सकता है

खबर पढ़कर
गृहस्थ गिरधारी की ओर देखकर
बानी बोले- ''आपके लिए
यह बड़ी राहत की खबर है यार!
I.N.D.I.A की सरकार बनते ही,
राहुल गांधी की सरकार,
देश की महिलाओं को,
महंगाई की चुनौतियों से
निपटने के लिए देगी आर्थिक हथियार।''
गिरधारी व्यंग्य से मुस्कराकर,
बोले- ''भैया गजाधर!
इस पर आपके, क्या है ''बोल?''
गजाधर बोले हंसकर-
''दरिया में मछरी,
टेकरा में मोल।''



गिरीश बख्शी

# छोटे बच्चों को आखिर क्यों आती है ज्यादा हिचकी

नवजात शिशु और छोटे बच्चों को बहुत ज्यादा हिंचकियां आती हैं. उन्हें कुछ-कुछ मिनट पर ही हिंचकियां आती हैं. ऐसा होना काफी नॉर्मल होता है. माना जाता है कि प्रेगनेंसी की दूसरी तिमाही से मां के गर्भ में ही शिशु हिचकियां लेने लगता है. ऐसा कहा जाता है कि बच्चे के हिचकी लेने से उनकी भूख बढ़ती है. हालांकि, ये कारण स्पष्ट नहीं है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, नवजात या बच्चों की रुटीन या खाने की हैबिट्स के कारण उन्हें हिचकियां आ सकती हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर छोटे बच्चों को हिचकियां क्यों आती हैं, इसे रोकने के लिए क्या करना चाहिए. आइए जानते हैं...

### बच्चों को हिचकी आना कितनी नॉर्मल

विक्टोरिया गवर्मेंट हॉस्पिटल जबलपुर के पीडियाट्रिशियन डॉक्टर नंदन शर्मा का कहना है कि बच्चों को हिचकी आने पर परेशान नहीं होना चाहिए, यह काफी नॉर्मल है. बच्चों को अपनी भूख का अंदाजा नहीं होता जिसकी वजह से वह अपनी भूख से ज्यादा दूध पी लेते हैं और जिसकी वजह से कई बार दूध फूड पाइप से निकलकर विंड पाइप में चला जाता है. इसे विंड पाइप से निकालने के लिए बच्चे हिचकी लेते हैं. डॉ शर्मा के मुताबिक बच्चों को दूध पिलाने के बाद डकार दिलाना जरूरी है. इसके अलावा यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि दूध पिलाने के बाद बच्चों को आधे घंटे तक सीधा ना लेटाएं. दरअसल जब बच्चों की ग्रोथ होती है, तब हिचकी की समस्या कम होने लगती है. हिचकी की शुरुआत ब्रेन को डायाफ्राम से जोड़ने वाली तंत्रिका से होती है. इसे कई चीजों से बंद भी किया जा सकताहै.

### नवजातों में हिचकी क्यों आती है

डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों में हिचकी आने का कोई एक कारण नहीं है. बच्चों को एक साथ ज्यादा फीडिंग कराने से उनका पेट फूल जाता है, जिससे डायाफ्राम फैलने या सुकड़ने लगता है और उन्हें हिचकी आने लगती है. कई पच्चे जल्दी-जल्दी फीड करते हैं, जिससे दूध उनके फूड पाइप में फंस जाता है और उन्हें ब्रीदिंग प्रॉब्लम होने लगती. इस वजह से भी हिचकी आ सकती है. बच्चों में प्रोटीन की वजह से फूड नली में सूजन भी आ सकता है, जिससे डायफ्राम की समस्या होती है और हिचकी आ सकती है.

### बच्चों की हिचकी कैसे रोंके


एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बड़ों की तरह बच्चों में भी हिचकी कुछ समय में अपने आप ही बंद हो जाती है, इसलिए जब भी हिचकी आए तो कुछ देर इंतजार करें. उन्हें थोड़ा-थोड़ा करके फीड करवाएं. हिचकी आने पर थोड़ी देर सहारा देकर बैठाएं. इससे बच्चों को काफी आराम मिलेगा.

## शब्द सामर्थ्य -057

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 056 का हल**



## सू- दोकू क्र.057


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.056 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |


## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। आज किसी भी योजना को सोच-विचार करके कार्य रूप देने से लक्ष्य हासिल होगा और मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको अपनी प्रतिभा जाहिर करने का मौका मिलेगा।




**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी कोई भी डील मिले तो उसे हासिल करने में ज्यादा सोच-विचार ना करें। आज सही समय पर किए कामों के नतीजे अनुकूल रहेंगे।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी, घर में सुकून और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आज दूसरों के मामले में बिना मांगे सलाह नही दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। आज अपने व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय बच्चों के साथ बिताएं।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कार्यों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि नहीं लेंगे। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आज आपके मन में सकारात्मक विचार आएंगे। इससे आप कोई भी फैसला लेने में सहज महसूस करेंगे।




**सिंह**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा हो जायेगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए थे, आज वह कम मेहनत से ही सफल हो सकते है। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति सजग रहेंगे। आप काम के नए टारगेट बनायेंगे।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज दूर होगी। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज स्टाफ और सहयोगियों के साथ किसी विशेष कार्य पर विचार विमर्श होगा, जो कि सकारात्मक रहेगा।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे।



**धनु**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेंगी। धार्मिक कार्यों में कुछ पैसे खर्च कर सकते है। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है।



**मकर**
आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी।



**कुंभ**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। अगर आज आप इंटरव्यू देने जा रहे है तो आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे।



**मीन**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आज आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे। इस दौरान आप अपनी सेहत का ध्यान रखें।

# बड़ी मात्रा में शांति नगर के विभिन्न स्थानों पर जलपात कोटना की स्थापना



राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी में लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए तरह की मटके का पानी फ्रिज का पानी ठंडा पेय पदार्थों का उपयोग करते हैं ताकि आत्मा को गर्मी से तृप्ती मिले। वहीं दूसरी तरफ मूक पशु-पक्षियों-मवेशियों को तपती धूप में पानी के लिए इधर-उधर भटकते देखा जा सकता है, चूंकि ग्रीष्म ऋतु में नदी-नाले-सरोवर-तालाब आदि सुखने के कगार रहते या फिर सुख जाते हैं, जिसके चलते इन पशु-पक्षियों-मवेशियों आदि को पीने के लिए पानी के बहुत परेशान होना पड़ता है। जानवरों के इन्हीं सब परेशानियों को देखते हुए स्वप्रेरणा से क्षेत्र की सेवाभावी जागरूक संस्था कैलाश धाम महिला शक्ति समिति के सदस्यों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर जलपात कोटना बनवाया और उस पशु पात्र कोटना को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जल से भरकर रखा गया है।

**कैलाश धाम महिला शक्ति समिति की सेवाभावी कार्यो से क्षेत्र में हो रही जमकर प्रशंसा**

संस्था के अध्यक्ष हेमलता प्रजापति ने बताया कि हमारी संस्था का अभी नवसृजन हुआ है, इसके बावजूद भी क्षेत्र में दुख के कार्यक्रमों में संबंधित दुखित व्यक्ति की मदद करने हर संभव प्रयास किया जाता है और इन सब के लिए हमारे द्वारा जो घर का बजट होता है, उसमें से थोड़ा-थोड़ा बचत कर के ऐसे नेक काम को अंजाम दिया जाता है। हमारी सोच यह कि जरूरत के समय पर हम एक दूसरे के काम आए। यही सोच को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं की टीम इस काम कर रहें, आज इसी तारतम्य में क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य करते हुए पशु-पक्षियों और मवेशियों के लिए जलपात्र की स्थापना की गई ताकि जानवरों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। श्रीमती प्रजापति ने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि अन्य जन भी अपने-अपने क्षेत्रों में (कोटना) पशु जल पात्र की स्थापित करते हुए मवेशियों-पशुओं-पक्षियों को जल संकट से उबारने में सहयोग करेंगे। कोटना जल पात्र स्थापित सरहानीय भूमिका निभाने में अध्यक्ष हेमलता प्रजापति, उपाध्यक्ष द्वय नंदनी सेंगर, अन्नपूर्णा ठाकुर, ममता मेश्राम, सचिव अनिता पाल, सहसचिव श्रद्धा दुकगकर, कोषाध्यक्ष संध्या जोशी, मंत्री गुंजन प्रजापति, दीपमाला नायडू, छाया सिवानकर, प्रीति पटेल, वंदना वर्मा, श्वेता राजपूत, सरिता साहू, लेखा रानी ठाकुर, मनीषा नेताम, अलका कौशल, रजनी पाल, ऋतु मटाले, नीलम जोशी, भुवनेश्वरी वर्मा, भूमिका साहू, तारिणी वर्मा, प्रमिला साहू, पूर्णिमा साहू, चंद्रिका साहू, केमिन साहू का सरहानीय सहयोग रहा।

# लूट का फरार आरोपी डोंगरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा

**एक और फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस इन दिनों अपराधियों की धरपकड़ में काफी एक्टिव हैं। थाना प्रभारी सी आर चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस ने बीते दिनों कुरुभांठा की लड़की के साथ की गई लूट के आरोपी को धर दबोचा गया था। अब इसके फरार आरोपी को भी धर लिया गया है। थाना प्रभारी श्री चंद्रा ने बताया कि घटना के संबंध में गत 11 मई को प्रार्थिया भूमिका जाम्बुलकर निवासी कुरूभाठ द्वारा एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 10 मई शुक्रवार अक्षय तृतीया के दिन दोपहर 12:30 बजे सायकल में डोंगरगढ़ से अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में सामने तरफ से एक मोटर सायकल में तीन बादमाश पास आकर लड़की को सायकिल सहित धक्का देकर गिरा दिये और उसके मोबाईल फोन आधार कार्ड लूट कर फरार हो गये थे पीड़िता के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वह प्रभारी अपने टीम के साथ तत्काल कार्यवाही करते हुये, एक आरोपी दीपक बाघमारे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

प्रकरण में अन्य दो आरोपी फरार था। जिसमें से एक आरोपी अमित बंजारी पिता अशोक बंजारी उम्र 30 साल घुरवाटोला डोंगरगढ़ निवासी को मंगलवार 14 मई को गिरफ्तार कर एवं लूटे हुये दस्तावेज को जप्त कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण के एक अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

## पहला कॉलम...


### जंगली सूअर के हमले से ग्रामीण बुरी तरह से घायल



मोहला (दावा)। जंगली सूअर के हमले से ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया, जिला मुख्यालय मोहला से लगे हुए ग्राम हेरकुटुम का है पूरा मामला शिवचरण कुंजम गांव से लगे हुए जंगल पर लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था जहां जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया। जंगली सूअर के हमले से काफी गंभीर चोट आई है वहीं आसपास के लोगों और परिजन तत्काल एंबुलेंस के मदद से शिवचरण कुंजम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया जहां डॉक्टर ने बताया कि सीने में गंभीर चोट आया है जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है मामला को गंभीरता से लेते हुए बेहतर उपचार के लिए राजनांदगांव मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया ।

### प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ चंद्रगिरी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**10 वी में अर्चा जैन 93.4 प्रतिशत, 12 वी में अनुष्का जैन 93 प्रतिशत का उत्कृष्ट प्रदर्शन**



डोंगरगढ़ (दावा)। संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ की छात्राओं ने एक बार फिर सफलता का परचम फहराया।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के द्वारा विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 में अरु जैन 93 प्रतिशत अर्चा जैन 93.4 प्रतिशत विदेही जैन 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 में चंद्रगिरी प्रतिभास्थली कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की अनुष्का जैन 93 प्रतिशत कला संकाय में नेहल जैन 91 प्रतिशत विज्ञान संकाय में सौम्या जैन 86.4 अंक प्राप्त किए। सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की संस्था की ओर से कामना की गई।

### सेजेस अंबागढ़ चौकी में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन

**ग्रीष्मकालीन समर कैम्प 2024 का आयोजन 09 मई से 23 मई तक के लिए किया गया है**




अंबागढ़ चौकी (दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं. चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अं. चौकी एस. के. धीवर के दिशा निर्देश में ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का आयोजन शुभारंभ दिनांक 09 मई को सेजेस अं. चौकी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके के द्वारा किया गया।

समर कैम्प में विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें योगासन, खेल एवं क्रिड़ा में फुटबाल, खो-खो, बालीबाल, कबड्डी, शतरंज, एथलेटिक तथा अन्य गतिविधियों में नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला, स्पोकन इग्लिंश, मेंहदी, कम्प्यूटर प्रशिक्षण रखा गया है। कार्यक्रम में बच्चें भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दे रहे है और समर कैंप का आनंद ले रहे है। इस कार्यक्रम को विकासखण्ड स्तर पर संचालन करने के लिये नोडल प्राचार्य सेजेस अं. चौकी आर.बी.सिंग एवं सहायक नोडल विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक संतोष कुमार पांडे रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक विजय सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया।

# ग्राम रामाटोला में पुलिस द्वारा लगाया गया चलित थाना



डोंगरगढ़ (दावा)। चलित थाना में ग्रामीणों को बच्चों एवं महिला संबंधी अपराध, सायबर ठगी एवं यातायात के नियमों का पुलिस द्वारा जानकारी दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर दिनांक 13 मई को थाना प्रभारी निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा के नेतृत्व में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम रामटोला में चलित थाना लगाया गया।

जिसमें जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख, महिलायें एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुये। चलित थाना में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, बालक-बालिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गये अभिव्यक्ति ऐप, महिला अधिकार, घरेलु हिंसा, लैंगिक अपराध, साईबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दिया गया। नशा मुक्ति अभियान के तहत जानकारी देकर नारकोटिक्स/ड्रग्स/अवैध नशा से परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराकर अपने आसपास एवं स्वयं को भी नशीले पदार्थों से दूर रखने तथा अपने घर परिवार व समाज में भी नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराने हेतु अपील की गई साथ ही गांव में घुमने वाले, फेरी लगाने वाले लोगां का नाम पता कोटवारी पंजी में दर्ज करने थाना में सूचना देने हिदायत दिया गया।

# राष्ट्रीय कैडेट के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

राजनांदगांव (दावा)। 38वीं छत्तीसगढ़ बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई राजनांदगांव के तत्वाधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कैम्प कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार के मार्गदर्शन में शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से कैडेटों ने शिविर के अंतिम दिन आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी एवं देश की संस्कृति की झलक अपनी प्रस्तुति के माध्यम से दिखाई। पीजी कॉलेज कवर्धा की छात्राओं ने देशभक्ति गीत में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया एवं पहले पायदान पर रहीं। वहीं कमला देवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीत बारहमासी द्वारा छत्तीसगढ़ की भुंईया को नमन किया एवं दूसरे पायदान पर रहीं। तीसरे स्थान पर पंडित शिवकुमार शास्त्री कृष्ण महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के छात्रों ने देशभक्ति गाने पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांव, संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा, स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान, स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद स्कूल मोहला, होली किंगडम स्कूल कवर्धा सहित अन्य विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कैम्प कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार ने शिविर में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं कैम्प प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व एनसीसी कैडेट पीजी कॉलेज कवर्धा के अरूण कुमार मरकाम एवं दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की विद्या साहू को आरडीसी परेड में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सूबेदार मेजर सतवर्ग सिंह सेना मेडल, सेकंड ऑफिसर चंद्रभान साहू, कैम्प एडजुटेंट लेफ्टिनेंट डिकेश्वर निषाद, लेख प्रसाद उर्वसा, भानु प्रताप ठाकुर, श्रीमती युगेश्वरी साहू, भूपेन्द्र जोगी, पायल दिल्लीवार, छत्रपाल साहू, कुमारी मेनका यादव, एनसीसी अधिकारी एवं समस्त पीआई स्टाफ 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव उपस्थित रहे।

# खालसा पब्लिक स्कूल के सीबीएसई का परिणाम जिले में सर्वश्रेष्ठ



डोंगरगढ़ (दावा)। खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ के कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय में पूरे जिले में उत्कृष्ट परिणाम देते हुए छात्रा आर्ची अग्रवाल ने 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार कॉमर्स संकाय में आर्या जैन ने 95.4 प्रतिशत क्षमा गोयल 95.2, जसनीत कौर 92.8, अंश शाह ने 91 प्रतिशत व इन्दरप्रीत कौर भाटिया ने 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिए। छात्रा आर्ची अग्रवाल ने बिजनेस स्टडी एवं एकाउंट में 98 प्रतिशत, आर्या जैन ने बिजनेस स्टडी में 99 प्रतिशत व एकाउंट 98 प्रतिशत अंक, क्षमा गोयल ने बिजनेस स्टडी में 99 प्रतिशत अंक व जसनीत कौर ने एकाउंट में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

इसी प्रकार 12वीं विज्ञान संकाय में सर्वोत्तम परिणाम देते हुए विद्यालय की छात्रा पूर्वी साहू ने 90.8 प्रतिशत, शेख अब्दुल माजीद 85.8 प्रतिशत, दीपाली सोनवानी 85.4 प्रतिशत, आयुष श्रीवास्तव 84.2 प्रतिशत और अदिति घोष 82.8 प्रतिशत अंकों के साथ नगर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड में 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, छात्रा आर्या अग्रवाल 96.4 प्रतिशत, निशिका टेंभरे 96.2 प्रतिशत, भावेश यादव 95.2 प्रतिशत, तनीषा बडगे 94.6 प्रतिशत, अविका साहू 94 प्रतिशत, अनंत अग्रवाल 93 प्रतिशत, इकजोत कौर भाटिया 92.6 प्रतिशत, अक्षत बघेल 92.2 प्रतिशत, साहिल कुमार 91.6 प्रतिशत, वेद प्रकाश 91 प्रतिशत, अवनी बिसेन 90.6 प्रतिशत, श्रेयांश अग्रवाल 90.6 प्रतिशत, तुषार कुमार साहू 90.6 प्रतिशत, हर्षिता साहू 90.4 प्रतिशत व प्रणय नाथ जोगी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**आर्ची अग्रवाल ने 96.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया**

उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया विद्यार्थियों ने खालसा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर न सिर्फ अपना बल्कि अपने माता-पिता एवं स्कूल के नाम के साथ शहर का नाम भी रौशन किया है। इन सभी बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रतिभावान और विद्वान शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डोंगरगढ़ पुलिस ने लूट के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने लूट के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़ा गया आरोपी अमित बंजारी पिता अशोक बंजारी उम्र 30 साल घुरवाटोला वार्ड नंबर 20 डोंगरगढ़ का निवासी है। प्रार्थिया भूमिका जाम्बुलकर निवासी कुरूभाठ थाना डोंगरगढ़ के द्वारा एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10 मई को दोपहर 12:30 बजे सायकल में डोंगरगढ़ से घर जा रही थी रास्ते में सामने तरफ से एक मोटर सायकल में तीन बादमाश पास आकर लड़की को सायकिल सहित धक्का देकर गिरा दिया और उसके मोबाईल फोन आधार कार्ड लूट कर फरार हो गया था।

पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 392, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चंद्रा द्वारा अपने टीम के साथ तत्काल कार्यवाही करते हुये, एक आरोपी दीपक बाघमारे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में अन्य दो आरोपी फरार थे। जिसमें से एक आरोपी अमित बंजारी पिता अशोक बंजारी उम्र 30 साल घुरवाटोला डोंगरगढ़ निवासी को आज दिनांक 14 मई को गिरफ्तार कर एवं लुटे हुये दस्तावेज को जप्त कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। प्रकरण के एक अन्य फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

# रेडियो के जमाने से शुरू हुई अभाविप, आज 5-जी के जमाने में पहुंच गई- चेतस सुखडिया



डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का उद्घाटन रविवार शाम को खालसा स्कूल में हुआ। 12-13 मई को आयोजित इस बैठक में प्रदेश भर के 150 से अधिक छात्र एवं छात्रा मौजूद रहे। इस बैठक में अभाविप अपने साल भर के योजना में व्यापक चर्चा अपने कार्यकर्ताओं साथ करेगी। बैठक में छात्र संघ चुनाव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, जनजाति कार्य, प्रदेश अधिवेशन जैसे अनेकों विषयों पर चर्चा होनी है।

**अभाविप की 2 दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का हुआ शुभारंभ**

उद्घाटन सत्र में अभाविप के छेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया ने कहा कि रेडियो के जमाने में प्रारंभ हुआ अभाविप आज अपनी 75 वर्ष की यात्रा कर 5-जी जमाने में पहुंच चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि आचार्य विद्या सागर के तप का आशीर्वाद अभाविप को जरूर मिले ताकि भविष्य के चुनौती का सामना हम डट के कर सके। अभाविप के पीएससी आंदोलन के वजह से ही एक राजनैतिक परिवर्तन प्रदेश की सरकार में हुआ है। प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने अभाविप द्वारा छात्र हित में किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से हम सेंट्रल यूनिवर्सिटी में संघर्ष कर रहे है। राज्य विवि हो या केंद्रीय अभाविप छात्रों के मुद्दो को लेकर संघर्ष करते रहेगी।

प्रदेश अध्यक्ष प्रो अमित बघेल ने कहा कि अभाविप के अभियान परिसर चलो अभियान के माध्यम से ही छात्रों को वापस परिसर में आने का साधन बनेगा। हम यहा योजना भी बनाएंगे और धरातल में लेके भी जाएंगे, निश्चित ही यह बैठक छग के छात्रों की आवाज को मजबूती प्रदान करेगी। इस बैठक में प्रदेश भर के सभी कार्यकारिणी सदस्य, जिला संयोजक, विभाग संयोजक, प्रदेश पदाधिकारी, छात्रा प्रमुख उपस्थित रहे।

# 31 मई तक आजीवन सदस्यता शुल्क जमा कर सकेंगे पूर्व पदाधिकारी

**सिन्हा समाज में जिला चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ**

डोंगरगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के जिला स्तरीय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल जल्द ही पूरा होने वाला है। आगामी चुनाव हेतु पूर्व पदाधिकारियों को आजीवन सदस्यता शुल्क जमा कर मतदाता बनने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। इस संबंध में जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि राजस्व जिलों में विभाजन के बाद अब राजनांदगांव जिले को भी सामाजिक दृष्टिकोण से तीन जिलों में विभाजित किया गया है। इसमें मोहला मानपुर चौकी जिले में जिलाध्यक्ष का चुनाव प्रांतीय पदाधिकारियों की अनुमति के बाद बीते दिवस संपन्न हुआ और खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में भी चुनाव व मनोनयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जबकि राजनांदगांव जिले में नवीन पदाधिकारियों हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया आगामी दिनों में संपादित की जाने वाली है। श्री सिन्हा ने विज्ञप्ति में बताया कि सामाजिक नियमावली अनुसार जिला चुनाव में तहसील स्तर के तीनों प्रमुख पदाधिकारियों मंडलेश्वर, सचिव तथा कोषाध्यक्ष के अलावा क्षेत्राधिकारी, ग्राम प्रमुख, युवा प्रमुख एवं महिला प्रमुख को वोट डालने की पात्रता होगी। इसके अलावा ऐसे पूर्व पदाधिकारी, जिन्होनें आजीवन सदस्यता शुल्क की राशि जमा की है, उन्हें मतदान की पात्रता होगी। आजीवन सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देश पर 31 मई तक की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिसके लिए जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा तथा जिला महामंत्री देवजी सिन्हा के निर्देश पर जिला प्रचार प्रसार मंत्री को राजनांदगांव जिले के लिए प्रभारी बनाया गया है। उनके पास निर्धारित शुल्क के साथ पूर्व में धारित पद का नाम, स्वयं का नाम, पिता का नाम तथा पूर्ण पता के साथ अंतिम तिथि के पूर्व संपर्क किया जा सकता है।

### सम्बलपुर में नवीन कैम्प की स्थापना

अंबागढ़ चौकी, 14 मई (आरएनएस)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस द्वारा नक्सल उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम संबलपुर में नवीन कैंप स्थापना एवं ग्राम भ्रमण अंतर्गत ग्राम बुकमरका में आईजी आइटीबीपी संजीव रैना जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, सेनानी 27वीं वाहिनी आइटीबीपी विवेक पांडेय, सेनानी 44 वाहिनी आइटीबीपी एम के धस्माना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आप्स) डीसी पटेल एवं अन्य अधिकारियों ने जिले के ऊंचे घने पहाड़ी पर बसे ग्राम बुकमरका, संबलपुर के ग्रामीणों से मुलाकात किया गया ।

## पहला कॉलम...

### नर्मदा नदी में डूबे 7 युवक

पीटीआई, नर्मदा। गुजरात के पोइचा गांव में घूमने आए लोगों के लिए मंगलवार का दिन काल का गाल बन गया। मंगलवार को सात युवकों के नर्मदा नदी में डूबने की सूचना मिलते ही तट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को गुजरात के नर्मदा जिले के पोइचा गांव में छह लड़कों और एक आदमी के नर्मदा नदी में डूबने की आशंका है। नदी में उतारने के बाद यह लोग काफी गहराई में चले गए और अब तक इनका कोई पता नहीं चला है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई। छह बच्चों, जिनकी उम्र सात से 15 साल के बीच है और एक 45 वर्षीय व्यक्ति का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि सूरत से 17 लोगों का एक ग्रुप यहां आया था। मंदिर में पूजा करने के बाद यह लोग नर्मदा नदी में पवित्र स्नान करने के लिए पोइचा गांव आए और यहीं पर यह घटना घटित हुई। पुलिस ने कहा कि राजपीपला शहर के अग्निशमन कर्मी और स्थानीय तैराक उनका पता लगाने और उन्हें बचाने के प्रयास कर रहे हैं। जैसे ही इस विषय में कोई भी अपडेट आता है तो हम इनकी जानकारी साझा करेंगे।

### दिल्ली के इनकम टैक्स ऑफिस में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। दिल्ली में इनकम टैक्स ऑफिस में भीषण आग लग गई। कर्मियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल की 21 गाड़ियां मौके पर आग बुझाने के लिए बुलाई गई। कुछ कर्मचारी अंदर फंस गए थे, जिनको निकालने के लिए हाईड्रोलिक मशीन की मदद ली गई। दमकल विभाग की ओर से बताया गया कि आग की सूचना 2 बजकर 24 मिनट पर मिली थी। जिसके बाद कर्मियों ने जाकर मोर्चा संभाला। विभाग की ओर से कहा गया है कि आग पर काबू पा लिया गया है। आयकर भवन दिल्ली पुलिस मुख्यालय के पीछे बताया जा रहा है। बाद में और भी दमकल वाहन मौके पर बुलाए गए। 21 फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस भी मौके पर पहुंची। जो लोग अंदर फंसे थे, उनको सीढ़ियों के जरिए भी बाहर निकाला गया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, दक्षिणी दिल्ली में भी आग लगने के मामला सामने आया है। शाहपुर जाट गांव में पांच मंजिला बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। दो घंटे तक फायर ब्रिगेड की 30 गाड़ियां आग को बुझाने में जुटी रही। लेकिन इसी बीच दो जगह सिलेंडर ब्लास्ट हुए। जिसके कारण आग और विकराल हो गई। बाद में कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### यूएन के साथ काम करने वाले भारतीय सेना के पूर्व जवान की मौत

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले एक भारतीय कर्मी की सोमवार को गाजा में मौत हो गई। दरअसल, वह जिस वाहन से यात्रा कर रहा था उसी पर राफा में हमला हुआ। इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से यह संगठन की 'पहली अंतरराष्ट्रीय' क्षति साबित हुई है। मृतक भारतीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (डीएसएस) का स्टाफ सदस्य था। हालांकि, पीड़ित की पहचान अभी तक सामने नहीं आई है। सूत्रों ने पीटीआई से पुष्टि की कि वह भारत से था और भारतीय सेना का पूर्व जवान था। संयुक्त राष्ट्र वाहन को राफा में यूरोपीय अस्पताल ले जाते समय टक्कर हो गई, जिसमें एक अन्य डीएसएस कर्मचारी घायल हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा और सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने इस पद से दिया इस्तीफा

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अचानक मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष पद से सोमवार को इस्तीफा दे दिया है। अब उनका पूरा फोकस प्रधानमंत्री पद के दायित्व पर रहेगा। अभी तक वह दोनों पदों को संभाल रहे थे। मगर अपने इस पद से इस्तीफा देकर उन्होंने अपने बड़े भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज ने यह इस्तीफा दिया है। पीएमएल-एन महासचिव को लिखे अपने पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया, जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज (72) ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी और कहा कि यह कर्तव्य उन्होंने पूरे समर्पण और गंभीरता के साथ निभाया। नवाज

# दिल्ली की जीत से राजस्थान प्लेऑफ में, रोमांचक मुकाबले में डीसी ने लखनऊ को 19 रन से हराया

आईपीएल 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 19 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम अभी भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। वहीं, दिल्ली की जीत से राजस्थान रॉयल्स को फायदा हुआ। राजस्थान की टीम प्लेऑफ में पहुंच गई है। उसके 16 अंक हैं। राजस्थान के अलावा सिर्फ दो और टीम ही 16 या इससे ज्यादा अंक प्राप्त कर सकती है। राजस्थान का एक और मैच बचा है। वहीं, चेन्नई के 13 मैचों में 14 अंक और सनराइजर्स हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक हैं।

इसके अलावा कोई और टीम 14 से ज्यादा अंक नहीं बना पाएगी। मैच की बात करें तो दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 208 रन बनाए थे। अभिषेक पोरेल ने 33 गेंद में 58 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में 57 रन की नाबाद पारी खेली थी। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन ही बना पाई। निकोलस पूरन ने 27 गेंद में 61 रन की पारी खेली। वहीं, अरशद खान 33 गेंद में 58 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली की ओर से ईशांत शर्मा ने तीन विकेट झटके। लखनऊ की टीम अभी भी तकनीकी तौर



पर आईपीएल में बनी हुई है। हालांकि, उसका एक मैच बचा है और टीम अधिकतक 14 अंक तक ही पहुंच सकती है। उसके 13 मैचों में 14 अंक हैं। वहीं, दिल्ली ने लीग राउंड में अपना अभियान समाप्त कर लिया। उसने 14 मैचों में सात जीत और सात हार के साथ 14 अंक लेकर अपना अभियान समाप्त किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 12 अंक लेकर प्लेऑफ की रेस में है। उसे 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ना है। इस मैच को जीतने वाली टीम प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है, क्योंकि दोनों का नेट रन रेट पॉजिटिव है, जबकि दिल्ली और लखनऊ का नेट रन रेट निगेटिव है। सनराइजर्स हैदराबाद के अगले दो मैच गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ है। एसआरएच की टीम अगर एक भी मैच जीतती है तो प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। वहीं, सनराइजर्स के दोनों मैच गंवाने पर चेन्नई और बेंगलुरु दोनों के एकसाथ पहुंचने के भी समीकरण बन सकते हैं।

#### लखनऊ की खराब शुरुआत, ईशांत ने शुरुआती झटके दिए

लखनऊ की शुरुआत खराब रही। ईशांत ने केएल राहुल (12) और क्विंटन डिकॉक (5) को सस्ते में आउट करके मेहमान टीम को बड़े झटके दिए। हालांकि, चौथे ओवर में अक्षर की पहली गेंद पर स्टोइनिस (5) भी कैच दे बैठे, लेकिन निकोलस पूरन ने आते ही उन पर आक्रामक प्रहार किए। उन्होंने अक्षर पर दो चौके और दो छक्के जड़े। इसके बाद ईशांत ने पांचवें ओवर में दीपक हुड्डा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। पावरप्ले में लखनऊ चार विकेट पर 59 रन बनाए। आयुष बदोनी भी कुछ खास नहीं कर सके और बड़े शॉट के चक्कर में स्टब्स की गेंद पर गुलबदीन को कैच थमा बैठे। वह छह रन बना पाए।

## प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई गुजरात

**नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है. गुजरात प्लेऑफ से बाहर होने वाली इस सीजन की तीसरी टीम बन गई है. उसका कोलकाता नाइट राइडर्स से सोमवार शाम अहमदाबाद में मैच होना था. लेकिन बारिश की वजह से मैच रद्द हो गया. मैच के शुरू होने का काफी इंतजार किया गया. लेकिन मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट दे दिया गया.**



गुजरात और कोलकाता के बीच शाम 7.30 बजे मैच शुरू होना था. लेकिन अहमदाबाद में काफी बारिश हुई. हालांकि रात 10 बजे के बाद बारिश थोड़ा कम हुई. लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी. इसके बाद रात करीब 10.30 बजे मैच रद्द कर दिया गया. कई फैंस मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे थे. लेकिन यह नहीं हो सका.

गुजरात पॉइंट्स टेबल में फिलहाल आठवें नंबर पर है. उसने 12 मैच खेले हैं. इस दौरान 5 मैच जीते और 7 में हार का सामना किया. लेकिन कोलकाता के खिलाफ मैच कैसिंल होने के बाद 13 मैच हो गए. उसको एक पॉइंट मिला है. गुजरात के पास अब 13 पॉइंट्स हो गए हैं. लेकिन वह प्लेऑफ से एलिमिनेट हो गई है. गुजरात का आखिरी मैच सनराइजर्स हैदराबाद से है. यह मुकाबला 16 मई को खेला जाएगा. कोलकाता पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है. उसने इस सीजन में 13 मैच खेले हैं. इस दौरान 9 मैच जीते हैं और 3 में हार का सामना किया. इसके साथ ही एक मैच कैंसिल हुआ है. कोलकाता के पास कुल 19 पॉइंट्स हैं. उसका प्लेऑफ से पहले आखिरी मैच राजस्थान रॉयल्स से है. यह मुकाबला 19 मई को खेला जाएगा.

## आरबीआई लेकर आया नया नियम - अब कोई भी नहीं डकार सकेगा बैंकों का पैसा

नई दिल्ली। बैंकों का पैसा लेकर अब कोई विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे लोग नहीं भाग सकेंगे। आरबीआई बैंकों पर लगाम लगाने के लिए लगातार नियमों में बदलाव कर रही है। आरबीआई नहीं चाहता कि बैंक ज्यादा संख्या में कर्ज दें। ताकि बैंकों को भविष्य में लोन वसूलने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। आरबीआई अब नया नियम लेकर आई है। जिस तहत एक सीमित दायरें में भी बैंको को लोन बांटने को कहा गया है।



इस समस्या से लड़ने के लिए केंद्रीय बैंक ने एक उपाय निकाला है। दरअसल बैंकों और एनबीएफसी को प्रोजेक्ट फाइनेंस लोन के लिए अधिक परसेंटेज अलॉट करने की जरूरत हो सकती है। बैंकों को संभावित नुकसान के लिए रिजर्व में पैसा अलग रखना होता है। इससे शेयरधारकों के लिए कम लाभांश और भविष्य के निवेश के लिए कम पूंजी उपलब्ध हो सकती है। बैंक ग्राहको को उनके हिसाब से लोन देता है। छोटे ग्राहकों को रिटेल लोन दिए जाते हैं। घर या अन्य संपत्ति को सिक्योरिटी के तौर पर रखा जाता है। अकाउंट में लोन आने के साथ ही ईएमआई शुरू हो जाती है। वहीं बड़े कर्जों करोड़ रुपये में होते है। बड़े कर्जों में को सड़क, पुल आदि योजनाओं के लिए दिया जा सकता है। वैसे कर्जों को किमत के आधार पर दिया जाता है। बैंक अपने मुनाफे का सारा हिस्सा एक साथ खर्च नहीं करते हैं। एक हिस्सा भविष्य में जोखिम भरे कर्जों से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए रखते हैं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बड़े कर्जों के लिए बैंक आमतौर पर अपनी ओर से किए गए कर्जों का 0.4 फीसदी प्रोवीजन रखते हैं। इन चीजों को ध्यान में रखते हुए RBI इसमें कुछ बदलाव करना चाहता है। दरअसल बड़े कर्जों के लिए बैंक आमतौर पर अपनी ओर 0.4 फीसदी प्रोवीजन रखते हैं। RBI चाहती है की उसे बढ़ा कर 5 फीसदी तक कर दिया जाना चाहिए। कई सरकारी और निजी बैंक शेयरों में 9 फीसदी तक की गिरावट आ चुकी है।

## टी20 विश्व कप के हेड कोच के लिए बीसीसीआई ने मांगे आवेदन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हेड कोच के लिए आवेदन मंगाए हैं. भारतीय पुरुष सीनियर टीम के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं, जिनका कार्यकाल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज़ की मेज़बानी में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जाएगा. राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया को नया हेड कोच मिल सकता है, जिसके लिए प्रकिया शुरू कर दी गई है.

बीसीसीआई ने सोमवार (13 मई) की देर रात हेड कोच के उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन जारी किए. पद के लिए उम्मीदवार 27 मई, सोमवार को शाम 6 बजे तक अप्लाई कर सकेंगे. कोच का सिलेक्शन प्रोसेस आवेदनों की समीक्षा, उसके बाद पर्सनल इंटरव्यू और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन के ज़रिए होगा. बता दें कि टीम इंडिया के नए हेड कोच के कार्यकाल की शुरुआत 1 जुलाई, 2024 से होगी, जो 31 दिसंबर, 2027 तक रहेगा. नए हेड कोच के कार्यकाल के दौरान टीम इंडिया कुल 5 आईसीसी ट्रॉफी खेलेगी, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 वर्ल्ड कप, वनडे वर्ल्ड कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 साइकिल शामिल हैं.

## टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम का ऐलान

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2024 के लिए बांग्लादेश की टीम का ऐलान हो गया है। इस साल की शुरुआत में सभी फॉर्मेट में बांग्लादेश का कप्तान बनाए जाने वाले नजमुल हुसैन शांतो ही इस टूर्नामेंट में टीम की कमान संभालेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम स्क्वॉड के साथ दो खिलाड़ियों को ट्रैवलिंग रिजर्व में भी रखा है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए बांग्लादेश की टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन शामिल हैं। अफिफ हुसैन और हसन महमूद रिजर्व के रूप में टूर्नामेंट में जाएंगे। ऐसे में 25 मई तक तस्कीन अहमद के फिट ना होने पर उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर हसन महमूद को टीम में जगह मिल सकती है। बता दें पिछले साल जुलाई में सिलहट में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 मैच खेला था। बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ग्रुप डी में साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, नीदरलैंड्स और नेपाल के साथ रखा गया है, उनका पहला मुकाबला 7 जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ होगा।नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह रियाद, जेकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

## व्हाइट हाउस में बजाया गया भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत

वॉशिंगटन । अमेरिका के व्हाइट हाउस में वार्षिक एशियाई अमेरिकी, मूल हवाईयन और प्रशांत द्वीपवासी (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस समेत कई एशियाई और अमेरिकी वहां मौजूद थे। व्हाइट हाउस में इस खास उपलक्ष्य पर मरीन बैंड ने 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाई। बता दें कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल ने इस गीत को लिखा था। सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूद भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने इस देशभक्ति गीत की धुन को दो बार बजाया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में भारतीय अमेरिकी कम्युनिटी नेता अजय जैन भुतोरिया भी मौजूद थे।



## प्रथम पेज का शेष

***पीएम मोदी ने वाराणसी से किया नामांकन...***

वहीं छठे चरण में भी सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर और भदोही लोकसभा सीट पर चुनाव होंगे. ये वो सीटें हैं जिन सीटों पर ओबीसी आबादी की संख्या कई जगहों पर 60 प्रतिशत से भी अधिक है. प्रधानमंत्री अपने प्रस्तावकों के माध्यम से इन सीटों के मतदाताओं को संदेश देना चाहते हैं.

0 वाराणसी सीट का क्या है जातिगत समीकरण? - वाराणसी सीट पर पिछले 8 चुनावों में से 7 बार बीजेपी को जीत मिली है. इस लोकसभा सीट के अंतर्गत कुल 19.62 लाख मतदाता हैं. वाराणसी सीट पर शहरी आबादी 65 प्रतिशत है. इस सीट पर ओबीसी वोटर्स की संख्या काफी अधिक रही है. 2 लाख वोटर्स कुर्मी समाज से आते हैं. बैजनाथ पटेल कुर्मी समाज से आते हैं.वहीं 2 लाख वैश्य वोटर्स भी हैं. कुर्मी और वैश्य समाज के बाद ब्राह्मण और भुमिहार वोटर्स की संख्या रही है.

***खरगे बोले-मोदी-योगी से नहीं..***

इनकी रिक्तियां निश्चित ही वीरेंद्र चौधरी पूरी कर सकते हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सरकार खासकर पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों खर्च कर निवेशकों का मेला लगता है। सरकार का अरबों निवेश का दावा भी रहता है लेकिन वह दिखता कहीं नहीं। उन्होंने कहा कि यह कैसा निवेश है जो पूर्वांचल की एक एक करके बंद होती जा रही चीनी मिलों का उद्धार तक नहीं कर सकी। नतीजा कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले पूर्वांचल से चीनी ही समाप्त हो गई। सपा नेता व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनना तय है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि महराजगंज से गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जिताकर गठबंधन सरकार के गठन में अपनी भागी दारी सुनिश्चित करें। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने भाजपा सरकार की बिफलता की लंबी सूची गिनाते हुए कहा कि इस सरकार का अब बने रहना देश हित में नहीं है। कार्यक्रम में डुमरियागंज के पूर्व सांसद मो. मुकीम, पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, बस्ती के पूर्व विधायक अंबिका सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य राम अवध सिंह, पूर्व विधायक श्रीपति आजाद, सुदामा प्रसाद, सपा नेता निर्मेश मंगल, अमरेंद्र निषाद, सपा जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव, आप जिलाध्यक्ष राम कुमार पटेल, मनौवर हुसेन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

***धीरज वधावन को सीबीआई ने ..***

का सामना कर रहे हैं। हालांकि अपने वित्तीय दायित्वों के निर्वहन के लिए 41 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान किया है। यह कंपनी के लिए किसी जरूरी फंडिंग के बिना रहा है। कई बार रेटिंग डाउनग्रेड के कारण स्थिति खराब हो गई। इस अवधि के दौरान डीएचएफएल ने अपने वित्तीय दायित्वों को मुख्य रूप से परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्भुगतान संग्रह के संयोजन के माध्यम से पूरा किया। कंपनी ने कहा कि वह अपने संकट को व्यापक और समयबद्ध तरीकों से हल करने की दिशा में काम कर रही है। रिजर्व बैंक ने एक मसौदा समाधान योजना तैयर की है। जिसे ऋ्णदाताओं को सौंप दिया गया है।

***प्रोफेसर के नाम से ड्रग्स का खेल...***

भी रायपुर में रूकना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आयुष अग्रवाल और महेश सिंह को भी पकड़ा गया। नाइजीरियन गिरोह से जुड़े तार- आरोपित महेश सिंह दिल्ली का रहने वाला है। वह आयुष को ड्रग्स सप्लाई करता था। महेश ड्रग्स को नाइजीरियन गिरोह से खरीदता था। वह पांच साल पहले केटरिंग का काम करता था। ऐसे में उसका रायपुर, दिल्ली सहित अन्य जगहों पर आना जाना लगा रहता था। वह नाइजीरियन से ड्रग्स लेकर ट्रेन के रास्ते रायपुर पहुंचता था। इसे बड़ी पार्टियों को सप्लाई करता था। कार समेत 50 लाख का माल जब्त- इस मामले में पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 17 अलग-अलग छोटे जिप पालिथीन में रखें 2100 एमजी एमडीएमए और 6600 एमजी कोकीन जब्त किए है। इसके अलावा पुलिस ने कार, एक इलेक्ट्रानिक तराजू, आठ मोबाइल फोन, तीन सोने की चेन, आइपैड समेत 50 लाख रुपये का माल जब्त किया है। इस मामले में पुलिस नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

***पीएम मोदी के लिए मछली बनाने की....***

लेकिन उससे पहले वह अपने विश्वस्त फिरहाद हकीम को सुअर का मांस खिलाइये? इससे तीन उद्देश्य पूरे होंगे, पहला धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा मिलेगा, दूसरा लोगों को मालूम पड़ेगा कि कोई भी चीज घर से शुरू होती है और तीसरा पकौड़े की भी प्रशंसा हो जाएगी।

भाजपा नेता ने हिंदुओं का अपमान करने का लगाया आरोप- भाजपा नेता संकुदेब पांडा ने दावा किया कि ममता ने जानबूझकर मोदी को यह जानते हुए आमंत्रित किया कि वह पूर्ण रूप से शाकाहारी हैं। वह कट्टर सनातनी हिंदुओं का अपमान कर रही हैं।

ममता की टिप्पणियों पर माकपा ने क्या कहा?- ममता की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए माकपा नेता विकास भट्टाचार्य ने कहा कि भाई और बहन होने के नाते ममता दीदी निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के लिए भोजन पकाने की पेशकश कर सकती हैं, मुझे नहीं पता कि यह उन्हें खुश करने के लिए है या नहीं। भट्टाचार्य ने भाजपा और टीएमसी के बीच कथित गुप्त समझौते के संदर्भ में यह टिप्पणी की। भट्टाचार्य ने कहा कि ममता बनर्जी और नरेन्द्र मोदी दोनों ही देश को इस स्थिति में लाने के लिए जिम्मेदार हैं। दोनों राजनीति को धर्म के साथ मिला रहे हैं।

***भाजपा को समर्थन देंगे धनंजय सिंह...***

मजबूत अच्छी और पारदर्शी निर्णय लेने वाली सरकार काम कर रही है। विगत 10 वर्षों में सरकार ने सर्व साधारण के कल्याण के लिए अच्छे निर्णय लिए हैं।विदेशों में भी देश का गौरव बढा है। उन्होंने कहा कि अब वे चुनाव से हट गए हैं लेकिन आप देखे की कौन कौन यहाँ से चुनाव में प्रत्याशी है। लोगो से पार्टी के नाम के साथ प्रत्यशियोम के नाम भी पूछे इस पर कुछ लोग अनमने से दिखे।अंततः उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह के पक्ष में खुला समर्थन देते हुए उन्हें वोट देकर विजयी बनाने की अपील किया। उनकी इस घोषणा पर वहाँ जय श्रीराम के नारे लगने लगे। प्रारम्भ में जिले व जिले के बाहर से बड़ी संख्या में आए समर्थकों में से कुछ ने उनके साथ हर स्थिति में चलने का वायदा किया तो कुछ ने सरकार की नीति पर भी टिप्पणी किया।वक्ताओं में डॉ समर बहादुर सिंह,ओम प्रकाश सिंह, दिनेश तिवारी,संदीप सिंह,विनय सिंह तथा गौरी शंकर सिंह प्रमुख रहे।अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलाकर मिश्र व संचालन ओम प्रकाश सिंह ने किया।

***सीजी टॉपर्स का सम्मानः राज्य सरकार...***

उमा बरेठ-जशपुर-97.67 प्रतिशत, करीना सिंह-जशपुर-97.67 प्रतिशत, तोषण कुमार-बालोद-97.50 प्रतिशत, खोमेंद्र कुमार-बालोद-97.50 प्रतिशत, दुर्गा रानी वर्मा-दुर्ग-97.50 प्रतिशत, रिया सिंह-रायपुर-97.50 प्रतिशत, साक्षी साहू-बिलासपुर-97.50 प्रतिशत, योगेश कुमार साहू-मुंगेली-97.50 प्रतिशत, खुशी तुवानी-बालोद-97.33 प्रतिशत, श्रेजल धुर्वे-बेमेतरा-97.33 प्रतिशत, आदित्य कश्यप-दुर्ग-97.33 प्रतिशत, यशवंत कुमार पारकर-दुर्ग-97.33 प्रतिशत, शौर्य शुक्ला-गरियाबंद-97.33 प्रतिशत, रिया साहू-महासमुंद-97.33 प्रतिशत, दिनेश प्रधान-महासमुंद-97.33 प्रतिशत, तनिषा सिंह-रायपुर-97.33 प्रतिशत, प्रिया साहू-बिलासपुर-97.33 प्रतिशत, वर्षा साहू-कांकेर-97.33 प्रतिशत, माला विश्वास-कांकेर-97.33 प्रतिशत, तानया श्री-कांकेर-97.33 प्रतिशत, शालिनी सिंह-जशपुर-97.33 प्रतिशत, हेमप्रज्ञा साहू-बालोद-97.17 प्रतिशत, ऋतिक देवांगन-बालोद-97.17 प्रतिशत, अक्षत सिन्हा-धमतरी-97.17 प्रतिशत, रिया साहू-दुर्ग-97.17 प्रतिशत, तेजस नायक-महासमुंद-97.17 प्रतिशत, बाबी मिंज-रायपुर-97.17 प्रतिशत, जागृति प्रजापति-जांजगीर चांपा-97.17 प्रतिशत, कृतिका कुमारी कंवर-कोरबा-97.17 प्रतिशत, करुणा केवर्त-रायगढ़-97.17 प्रतिशत, बबीता पटेल-रायगढ़-97.17 प्रतिशत, राहुल कुमार-सक्ती-97.17 प्रतिशत, मल्लिका मरकाम-कांकेर-97.17 प्रतिशत, मोना यादव-जशपुर-97.17 प्रतिशत, आयुष साहू-जशपुर-97.17 प्रतिशत, क्षिप्रा तिवारी-एमसीबी-97.17 प्रतिशत है।

0 12वीं टापर सूची-कुल 20 लोग शामिल- महक अग्रवाल महासमुंद 97.40 प्रतिशत, कोपल अमबस्ट बलौदा बाजार 97.00 प्रतिशत, प्रीति बलौदाबाजार 96.80 प्रतिशत, आयुषी गुप्ता जशपुर 96.80 प्रतिशत, समीर कुमार धमतरी 96.60 प्रतिशत, हर्षवती बालोद 96.00 प्रतिशत, वेदांतिका शर्मा बिलासपुर 96.00 प्रतिशत, शुभ अग्रवाल कोरबा 96.00 प्रतिशत, डाली पटेल बालौदा बाजार 95.80 प्रतिशत, अदिति साहू बालौदा बाजार 95.80 प्रतिशत, हिमांशी रायपुर 95.80 प्रतिशत, वेदिका निषाद कांकेर 95.60 प्रतिशत, पियूष कुमार कन्नोजिया बलरामपुर 95.60 प्रतिशत, कंकना घरमी कांकेर 95.40 प्रतिशत, यमुना कबीरधाम 95.20 प्रतिशत, रिफा जबेरी कबीरधाम 95.20 प्रतिशत, साहिल खान बलरामपुर 95.20 प्रतिशत, नीरज शर्मा सूरजपुर 95.20 प्रतिशत, भावना साहू दुर्ग 95.00 प्रतिशत, निधि गोगड़ कांकेर 95.00 प्रतिशत है।

***छत्तीसगढ़ के 30 नक्सलियों ने किया...***

सोनू कुडियम ऊर्फ गुटटा पदनाम सीएनएम सदस्य। राजेश कोरसा ऊर्फ बामन कोरसा संघम सदस्य। लखमू पल्लो ऊर्फ लख पदनाम- मिलिशिया प्लाटून कमांडर। सभी ने नक्सल संगठन छोड़ने का कारण उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार और नक्सलियों के द्वारा आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया गया। इन्हें उत्साहवर्धन के लिए आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में चलेगा कियारा का जादू



**कियारा आडवाणी ने हिंदी सिनेमा में शेरशाह, भूल भुलैया 2 और जुग जुग जियो जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं. अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर बॉलीवुड में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री के हाथ में बड़ी सफलता लगी है. खबर है कि कियारा आडवाणी कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं.**

कान्स फिल्म फेस्टिवल में कियारा के अलावा भारत की ओर से ऐश्वर्या राय बच्चन, शोभिता धुलिपाला और अदिति राव हैदरी भी शामिल होंगी.

भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी कियारा

कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन आज से फ्रांस के शहर कान्स में होने वाला है. भारत में इसे 15 मई से देखा जाएगा. कान्स फिल्म फेस्टिवल 14 मई से शुरू होकर 25 मई को खत्म होगा. इस दौरान फेस्टिवल में कई भारतीय फिल्मों को भी प्रदर्शित किया जाएगा. ऐसे में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी रेड सी फिल्म फाउंडेशन द्वारा आयोजित इन सिनेमा गाला डिनर में अपने देश का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी.

30 साल बाद भारतीय फिल्म ने बनाई जगह

बता दें कि कान्स में इस डिनर की मेजबानी वैनिटी फेयर के द्वारा की जाएगी. इन सिनेमा गाला डिनर का आयोजन दुनियाभर की छह प्रतिभाशाली महिलाओं के लिए मनोरंजन के क्षेत्र में उनके योगदान के सम्मान में किया जाता है. 77वां कान्स फिल्म फेस्टिवल भारत के लिए बहुत खास होने वाला है. इस बार पूरे 30 साल के बाद किसी भारतीय फिल्म च्ऑल वी इमेजिन ऐज लाइटज् ने शो में अपनी जगह बनाई है. इसके अलावा एफटीआईआई की शॉर्ट फिल्म चसनफ्लावर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नोज् को भी चुना गया है.

**भारत के लिए बेहद खास है कान्स 2024**

रिपोट्र्स के अनुसार कान्स फिल्म फेस्टिवल में ही फिल्मिंग और ग्लोबल इंसेंटिव के बारे में चर्चा करने के लिए फोर पैनल का भी डिस्कशन होगा. इसके अलावा 18 मई को ला प्लेग जे पाल्मेस का भी आयोजन किया जाएगा. बता दें कि कियारा आडवाणी इस पैनल में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी. कान्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार च्भारत पर्वज् का भी आयोजन होने जा रहा है. इस मायने में भारत के लिए यह फिल्म फेस्टिवल बेहद खास है.

इन फिल्मों से धमाल मचाने को तैयार कियारा

कियारा आडवाणी के वर्कफ्रंट की बात करें तो एस. शंकर द्वारा निर्देशित थ्रिलर फिल्म गेम चेंजर में नजर आने वाली हैं. इसमें उनके साथ राम चरण भी नजर आएंगे. इसके अलावा उनकी झोली में रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 भी आ चुकी है. यह एक्शन से भरपूर फिल्म होने वाली है. वहीं कियारा आडवाणी ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ वॉर 2 में भी अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी.

# छात्रों के लिए कितनी जरूरी है वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी, कैसे करना होता है अप्लाई?

अपार यानी ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री, एक ऐसी आईडी होगी जिसमें किसी भी स्टूडेंट का पूरा एकेडमिक लेखा-जोखा होगा. यानी प्री प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन तक उसने जो भी पढ़ाई की है, उसके बारे में एक-एक जानकारी मिल जाएगी. ये कोर्स कहां से किए गए, किस क्लास में कितने नंबर आए जैसे सभी डिटेल इस आईडी नंबर से मिलेंगे. इससे स्टूडेंट्स को एक नहीं बल्कि तमाम फायदे मिलेंगे. बांधेगी एक डोर में ये आईडी यानी अपार कार्ड एक तरह का स्टूडेंट का आइडेंटिफिकेशन सिस्टम होगा जिसमें उसके बारे में सभी डिटेल दिए होंगे. किसी इंस्टीट्यूट में एडमिशन लेना है या क्लास चेंज करनी है, या किसी कोर्स को बीच में छोड़ना है (एंट्री-एग्जिट पॉलिसी के तहत), इन सभी कामों के लिए अपार कार्ड का इस्तेमाल किय जा सकेगा. ये एक यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर होगा, इसका पूरा सिस्टम तैयार होने पर ये कुछ ऐसे काम करेगा कि इसका नंबर डालने पर कैंडिडेट का सारा एकेडमिक रिकॉर्ड खुल जाएगा. पैरेंट्स की सहमित से बच्चों को इसके लिए इनरोल कराया जाएगा और सबी का अपार कार्ड बनेगा. टीचर्स, कॉलेज और स्टूडेंट्स, सभी के लिए होगा ये कार्ड यहां स्टूडेंट के कॉलेज, स्कूल और अचीवमेंट्स सभी का पूरा रिकॉर्ड मिलेगा. इसे समझने के लिए ऐसे कह सकते हैं कि ये स्टूडेंट की पूरी एकेडमिक जर्नी यानी प्राइमरी से लेकर जहां तक भी उसने पढ़ाई की है का पूरा रिकॉर्ड होगा. इससे उसे किसी भी कॉलेज में एडमिशन लेना हो, कहीं और अप्लाई करना हो इन सभी में बहुत फायदा मिलेगा. उसे हर समय अपने सभी डॉक्यूमेंट्स साथ लेकर नहीं घूमने होंगे. एक यूनिक नंबर से उसके बारे में सारी जानकारी मिल जाएगी.



होगा बहुत फायदा नौकरी से लेकर कहीं एडमिशन लेने तक, हर जगह इसका फायदा मिलेगा. जब आपका सारा डेटा एक साथ एक ही जगह होगा तो हर जगह न डॉक्यूमेंट्स कैरी करने होंगे और न ही उनके खोने का डर होगा. यहां स्टूडेंट का डेटा एकदम सेफ रहेगा और ये माता-पिता की सहमति से स्कूलों में बनवाया जाएगा. पैरेंट्स को ये भी अधिकार होगा कि वे जब चाहें अपना इनरोलमेंट वापस ले लें. इसका सजेशन भी एनईपी 2020 के तहत दिया गया था और अब जल्दी ही इस बारे में काम शुरू किया जाएगा. अपार कार्ड बनाने की जिम्मेदारी स्कूलों को दी गई है. हालांकि कई लोग यहां स्टूडेंट डेटा के होने पर उसकी सेफ्टी को लेकर सवाल उठा रहे हैं पर सरकार का कहना है कि स्टूडेंट्स का डेटा एकदम सेफ रहेगा.

# भिडू बोलकर जैकी श्रॉफ की नकल नहीं कर पाएंगे लोग?



दिल्ली हाईकोर्ट में एक्टर ने लगाई याचिका

बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है जिसमें उन्होंने अपनी पहचान और प्रचार से जुड़े अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है. बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर जैकी श्रॉफ अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं. उनका स्टाइल और बोलने का अंदाज ही है जो उन्हें बाकी बॉलीवुड एक्टर्स से अलग बनाता है. जैकी जब भी किसी से बात करते हैं तो भिडू शब्द का इस्तेमाल जरूर करते हैं. जैकी श्रॉफ के इस शब्द का इस्तेमाल हर कोई करने लगा था जिसकी वजह अब एक्टर ने उन लोगों के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है. जैकी श्रॉफ ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दर्ज की है. उन्होंने इस याचिका में उनके निजी और पब्लिसिटी अधिकारों की रक्षा की मांग की है. जैकी श्रॉफ ने उनकी सहमति के बिना उनके नाम, फोटो, आवाज और शब्द 'भिडू' का उपयोग करने वाली के संस्थाओं के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है. जैकी श्रॉफ ने कहा है कि अदालत इस बात का निर्देश दे कि सोशल मीडिया और एआई एप्स के अलावा किसी भी प्लेटफॉर्म पर उनकी आवाज, तस्वीर या उनसे जुड़ी किसी भी चीज का इस्तेमाल करने से पहले उनसे परमिशन ली जाए. बिना उनकी इजाजत के किसी भी चीज का इस्तेमाल ना करें. इस मामले में अब पूरी सुनवाई 15 मई को होगी. अमिताभ बच्चन भी दायर कर चुके हैं याचिका जैकी श्रॉफ पहले एक्टर नहीं है जिन्होंने अपने राइट्स को लेकर याचिका दायर की हो.

इससे पहले अमिताभ बच्चन भी अपने राइट्स को लेकर याचिका दाखिल करा चुके हैं. उन्होंने साल 2022 में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दर्ज की थी. जिसमें उन्होंने अपनी तस्वीर, नाम, आवाज सहित पर्सनैलिटी का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के न करने की मांग की थी. दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश जारी करते हुए पर्सनैलिटी राइट्स को सुरक्षित रखने का अंतरिम आदेश जारी किया था.



# खतरनाक बीमारी का शिकार हुईं 'बिग बॉस 15' फेम शमिता शेट्टी,

शमिता शेट्टी बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की एक जानी-मानी हस्ती हैं. शिल्पा शेट्टी की बहन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. कई रियलिटी शो में हिस्सा लेकर अपने टैलेंट को साबित कर चुकीं एक्ट्रेस ने हाल ही में एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित होने का खुलासा किया. शमिता ने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और उनकी सर्जरी भी की गई.

इस बीमारी का शिकार हुईं शिल्पा शेट्टी की बहन

शमिता शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया और अपने दोस्तों और फैंस को अपनी सर्जरी के बारे में बताया. ये वीडियो उनकी सर्जरी से पहले लिया गया था और क्लिप में उन्हें अस्पताल के बिस्तर पर देखा जा सकता है. वीडियो में एक्ट्रेस ने हर महिला को जागरूक करने के लिए एंडोमेट्रियोसिस के बारे में जानकारी भी शेयर की.

वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, %क्या आप जानते हैं कि लगभग 40त्न महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं और हम में से ज्यादातर लोग इस बीमारी से अनजान हैं. मैं अपने दोनों डॉक्टर्स, मेरी गायनेक डॉ. नीता वार्टी और मेरे जीपी डॉ. को धन्यवाद देना चाहती हूं. सुनीता बनर्जी तब तक नहीं रुकीं जब तक उन्हें मेरे दर्द का कारण पता नहीं चल गया! अब जब मेरी ये बीमारी सर्जरी के जरिए हटा दी गई है तो मैं अच्छी हेल्थ की उम्मीद कर रही हूं.%

एक्ट्रेस ने अस्पताल के बिस्तर से दी चेतावनी

इस बीच वीडियो में शमिता ने क्लिप रिकॉर्ड कर रहे शख्स से बातचीत की. अपनी खिड़की के बाहर का नजारा दिखाते हुए कैमरा उनकी तरफ घुमाया जाता है और वह कहती हैं कि वह एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं.

बिग बॉस 15 फेम एक्ट्रेस कहती हैं, `सभी महिलाएं, कृपया एंडोमेट्रियोसिस पर गूगल करें.

आपको ये जानने की जरूरत है कि समस्या क्या है. क्योंकि शायद आपको ये है और आपको पता भी नहीं है कि आपको ये है.` वीडियो को देखने के बाद शमिता शेट्टी के कई दोस्तों और फैंस ने उनके जल्द ठीक होने की दुआ की.

# प्याज खाकर भी कम हो सकता है मोटापा!

कई हेल्थ रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्याज का सेवन भी शरीर में जमा एक्सट्रा फैट को कम करने में असर दिखा सकता है। आइए जानते हैं कैसे-

हम भारतीयों में मोटापा तेजी से बढ़ती समस्या बनता जा रहा है। ये ना केवल आपकी पर्सनैलिटी को खराब करता है बल्कि कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बनता है। डायबिटीज, फैटी लिवर, कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी, हार्ट डिजीज आदि इन तमाम गंभीर स्थितियों के पीछे मोटापा भी एक अहम कारण है। ऐसे में शरीर के एक्सट्रा फैट को कम करना बेहद जरूरी हो जाता है।

वहीं, इसके लिए हेल्थ एक्सपर्ट्स नियमित एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्दी खानपान की सलाह देते हैं। खासकर डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल कर आप जिद्दी फैट को जल्द कम कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि आपकी किचन में पहले ही ऐसी कई चीजें मौजूद होती हैं, बस जरूरी है कि आप उन्हें सही तरीके से खाएं। प्याज भी इन्हीं चीजों में से एक है। कई हेल्थ रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्याज का सेवन भी शरीर में जमा एक्सट्रा फैट को कम करने में असर दिखा सकता है। आइए जानते हैं कैसे, साथ ही जानेंगे कि मोटापे को कम करने के लिए किस तरह प्याज का सेवन करना फायदेमंद हो सकत है।



**कैसे पहुंचाती है फायदा?**

हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि प्याज में कैलोरी की मात्रा बेहद कम होती है और पोषण संबंधी फाइबर अधिक होता है। फाइबर पाचन को धीमा कर आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का एहसास दिलाता है, इससे आप बार-बार खाने यानी ओवरईटिंग करने से बच जाते हैं और आपका वजन संतलित रहता है।

**भूख करता है कम**

प्याज में मौजूद यौगिकों में भूख को कम करने की क्षमता होती है। इसमें क्वेरसेटिन नामक एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट भूख की अनुभूति को कम करता है, इससे भी आप कम कैलोरी इंटेक करते हैं और आपका वजन कंट्रोल में रहता है।

मेटाबॉलिज्म होता है बूस्ट

प्याज में क्रोमियम अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ये मिनरल ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने और इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने के साथ-साथ मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में भी मदद करता है, जिससे आपका वजन कंट्रोल में रहता है।

**डिटॉक्स एजेंट**

प्याज में सल्फर मॉलिक्यूल पाए जाते हैं, जो बॉडी में एक डिटॉक्स एजेंट की तरह काम करते हैं। ये लिवर के बेहतर प्रदर्शन को बढ़ावा देते हैं, जिससे शरीर को विषाक्त पदार्थों और अतिरिक्त फैट को खत्म करने में मदद मिलती है।

**पाचन रहता है दुरुस्त**

इन सब से अलग प्याज में पाए जाने वाले प्रीबायोटिक फाइबर हेल्दी गट माइक्रोब्स को पोषण देते हैं, जिससे आपका पाचन बेहतर रहता है। दरअसल, अच्छे डाइजेशन और खाने से पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण के लिए स्वस्थ आंत माइक्रोबायोटा की जरूरत होती है। ऐसे में प्याज खाने से पाचन दुरुस्त रहता है और बेहतर पाचन वेट लॉस को बढ़ावा देता है।

**किस तरह बनाएं डाइट का हिस्सा?**

इसके लिए आप कच्चे प्याज को सलाद के रूप में का सकते हैं। आप कारमेलाइज्ड प्याज खा सकते हैं। इसके लिए आप प्याज को थोड़े से जैतून के तेल में धीरे-धीरे भूरा होने तक पकाकर कारमेलाइज़ कर सकते हैं। इन सब से अलग प्याज से तैयार हर्बल टी भी फैट से छुटकारा दिलाने में असरदार हो सकती है।

# शत्रु- रोग पर विजय दिलाती हैं मां बगलामुखी, पूजा का मुहूर्त, विधि, महत्व



हर साल वैशाख मास में पड़ने वाली शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर बगलामुखी जयंती मनाई जाती है. इस साल बगलामुखी जयंती 15 मई को है. जानें बगलामुखी जयंती पर कैसे करें मां की पूजा, जानें विधि, शुभ मुहूर्त, महत्व.

**क्यों मनाई जाती है बगलामुखी जयंती**

मां बागलमुखी मंत्र कुंडलिनी के स्वाधिष्ठान चक्र को जागृति में सहायता करतीं हैं. बगलामुखी जयंती को मां बगलामुखी प्रकटोत्सव के नाम से भी जाना जाता है.

इस साल 15 मई 2024 को बगलामुखी जयंती मनाई जाएगी. धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां बगलामुखी की पूजा दस महाविद्या के रूप में भी की जाती है. इसी वजह से देश के कई राज्यों में इन्हें बुद्धि की देवी के नाम से जाना जाता है.

मां बगलामुखी की पूजा खासतौर पर कोर्ट-कचहरी और शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए की जाती है. देवी को बगलामुखी, पीताम्बरा, बगला, वल्गामुखी, वगलामुखी, ब्रह्मास्त्र विद्या आदि नामों से भी जाना जाता है.

**देवी बगलामुखी का स्वरूप**

देवी बगलामुखी का सिंहासन रत्नों से जड़ा हुआ है और उसी पर सवार होकर देवी शत्रुओं का नाश करती हैं. देवी बगलामुखी दसमहाविद्या में आठवीं महाविद्या हैं यह स्तम्भन की देवी हैं. संपूर्ण ब्रह्माण्ड की शक्ति का समावेश हैं माता शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए इनकी उपासना की जाती है. इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त का जीवन हर प्रकार की बाधा से मुक्त हो जाता है.

कहा जाता है कि देवी के सच्चे भक्त को तीनों लोक मे अजेय है, वह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाता है.

देवी बगलामुखी की कथा

एक बार भारी बाढ़ आई थी जिसके परिणामस्वरूप पृथ्वी का पूर्ण विनाश हुआ था. सभी जीवित प्राणी और पूरी सृष्टि दांव पर थी. देवताओं ने तब भगवान शिव से सहायता मांगी. देवता ने सुझाव दिया कि केवल देवी शक्ति में ही तूफान को शांत करने की शक्ति है. पृथ्वी को पीड़ा से बचाने के लिए देवी बगलामुखी हरिद्रा सरोवर से निकलीं और उन सभी को बचाया. उस दिन के बाद से, देवी बगलामुखी को विपत्तियों और बुराइयों से राहत पाने के लिए पूजा जाता है.

**देवी बगलामुखी की पूजा के लाभ**

शत्रु पर नियंत्रण - हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह माना जाता है कि जो भक्त देवी बगलामुखी की पूजा करते हैं, वे अपने शत्रुओं पर सम्पूर्ण नियंत्रण पा कर उनसेस छुटकारा पा लेते हैं. देवी व्यक्ति को उसकी भावनाओं और व्यवहार पर नियंत्रण की भावना भी प्रदान करती है अर्थात् क्रोध, मन के आवेग, जीभ और खाने की आदतों पर. आत्म-साक्षात्कार और योग की प्रक्रिया में, इस तरह के नियंत्रण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है.

काला जादू से बचाव - यह भी माना जाता है कि देवी की पूजा करने से, खुद को काले जादू और अन्य गैर-घटनाओं से बचा सकते हैं. व्यक्ति दूसरों को सम्मोहित करने के लिए शक्तियों को प्राप्त करने के लिए भी देवता की पूजा करते हैं.

कानूनी लड़ाई - किसी कानूनी समस्या से मुक्त होने के लिए भी देवता की पूजा की जाती है. जो भक्तिपूर्वक देवी की आराधना करता है, वह प्रभुत्व, वर्चस्व और शक्ति से परिपूर्ण हो जाता है. मां बगलामुखी की पूजा करने से भक्त भयंकर रोगों पर विजय प्राप्त करता है. दरिद्रता नाश के लिये माँ बगलामुखी की उपासना की जाती हैं.

**शुभ मुहूर्त**

बगलामुखी जयंती के दिन देवी की पूजा के दो शुभ मुहूर्त हैं. 15 मई को ब्रह्म मुहूर्त का आरंभ प्रात : काल 04 :13 मिनट से हो रहा है, जिसका समापन सुबह 05 : 01 मिनट पर होगा. वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग का आरंभ 14 मई 2024 को दोपहर 01 : 05 मिनट से हो रहा है, जिसका समापन अगले दिन 15 मई को प्रात-काल 05 : 49 मिनट पर होगा.इन दोनों ही शुभ मुहूर्त में आप मां बगलामुखी की उपासना कर सकते हैं.

मां बगलामुखी का मंत्र जाप

च्ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तंभय, जिह्वां कीलय, बुद्धि विनाशय, ह्लीं ? स्वाहा...

इस मंत्र का जाप कम से कम 108 बार करने से माना जाता है कि मां बगलामुखी प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को सभी दुख और बाधाओं से मुक्त करती हैं.

**पूजा विधि**

मां बगलामुखी की पूजा के लिए इस दिन प्रात: काल उठकर स्नानादि से निवृत्त होकर, पीले वस्त्र धारण कर लें.

ध्यान रहे साधना अकेले में, मंदिर या किसी सिद्ध पुरुष के साथ ही बैठकर करें. देवी की पूजा करने के लिए पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठें. पूर्व दिशा में चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर माता बगलामुखी की फोटो या मूर्ति स्थापित करें. देवी के पास स्वच्छ जल से भरा एक कलश स्थापित करें.

अब दीप प्रज्जवलित करें और हाथ में पीले चावल, पीले फूल, हरिद्रा और दक्षिणा लेकर संकल्प करें. संकल्प के बाद आचमन करके हाथ धोएं और आसन पवित्रीकरण करें.अब, देवी मां को सिंदूर, रोली, पान, धूप, चावल, बेलपत्र, गंध, नैवेद्य आदि अर्पित करें. इसके बाद माता की आरती उतारें और अंत में लोगों के बीच प्रसाद वितरण करें.

पीले फूल और नारियल चढाने से देवी प्रसन्न होती हैं. देवी को पीली हल्दी के ढेर पर दीप-दान करें, देवी की मूर्ति पर पीला वस्त्र चढ़ाने से बड़ी से बड़ी बाधा भी नष्ट होती हैं.

# उपार्जन केन्द्रों में करोड़ों के धान सूखे... सरकार से भरपाई की मांग

**बोरतलाव समिति में किसानों से अवैध वसूली की खबर भ्रामक..., आवश्यक दस्तावेज का लिया जा रहा शुल्क - श्रीवास**

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले के उपार्जन केन्द्रों में सरकारी खरीदी सम्पन्न हो जाने के बाद भी उठाव नहीं होने से करोड़ों के धान सूख गए है। केन्द्रों में सूख रहे धान के उठाव के लिए जिला सहकारी कर्मचारी संघ द्वारा बार-बार मार्कफेड को पत्र व्यवहार किया जाता रहा प्रशासन का भी ध्यान कई बार आत्कृष्ट किया गया इसके बाद भी केन्द्रों में धान जस के तस पड़े रहे। लिहाजा करोड़ों के धान सूख गए।

जिसका ठीकरा समिति प्रबंधकों पर भी फोड़े जाने की भी कोशिश की गई। अब इस मामले को लेकर सह. समिति प्रबंध कर्मचारी संघ द्वारा मामले का रूख सरकार की ओर मोड़ दिया है तथा कहा है कि उठाव नहीं होने के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान लगातार सूख रहे है। केन्द्रों में एक लाख क्विंटल धान पड़ा हुआ है। संघ द्वारा बार-बार इस ओर ध्यान आत्कृष्ट किए जाने के बावजूद धान का उठाव नहीं होने से सूखत की भरपाई सरकार ही वहन करे। संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने कहा कि यदि इसकी वसूली सोसायटी कर्मियों से की जाएगी तो इस साल से हम धान की खरीदी नहीं करेंगे।

### किसानों से अवैध वसूली नहीं

सोसायटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने कहा कि बोरतलाव समिति में किसानों से अवैध वसूली नहीं हो रही है। इस सम्बंध में फैलाए गए समाचार भ्रामक है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा सोसायटियों में सीएससी सेन्टर खोला गया है। जो किसानों की सुविधा के लिए है। उन्होंने बताया कि किसानों को नगद ऋण प्रधानमंत्री फसल बीमा, भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही कम्प्यूटराईजेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत होती है। इसके चलते बी-वन, बी-टू किसान का खाता नम्बर, नामिनी का आधार आदि दस्तावेज की



आवश्यकता पड़ रही है। जिसे समिति के सीएससी सेन्टर के माध्यम से निकाला जा रहा है। जिसका नामिनल शुल्क लिया जा रहा है। अतः यह कहना कि किसानों से प्रति एकड़ 200 रूपए शुल्क लिया जा रहा है। पूरी तरह भ्रामक एवं वेबुनियाद है। समिति प्रबंधक के द्वारा इसकी वास्तविकता बताते हुए समाचार प्रकाशित भ्रामक प्रचार का खंडन किया गया है। संघ के अध्यक्ष ने कहा है कि इस सम्बंध में किसान सीएससी सेन्टर के बजाय बाहर से उक्त दस्तावेजों को निकाल सकते है।

### डीओ जारी करने में विलंब

बतादे कि गत वर्ष 2023 में एक नवम्बर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी 4 फरवरी तक की गई। खरीदी के शुरूआती दिनों से ही परिवहन की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण अविभाजित जिले में कई बार उपार्जन केन्द्रों में धान जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके कारण कई बार धान खरीदी रोक देनी पड़ी जिला सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि खरीदी बंद होने के बाद भी विभाग द्वारा डीओ जारी करने में विलम्ब किया गया।

जबकि इस ओर विभाग का दसियों बार ध्यान आत्कृष्ट किया गया था। डीओ जारी नहीं होने तथा परिवहन लेट होने के चलते खुले आसमान में रखे धान के बोरे जहां बारिश में भीगते रहे वही भीषण गर्मी के चलते इसमें सूखत की स्थिति निर्मित हुई। अब आलम यह है कि मिलर्स जब धान का उठाव करने पहुंच रहे है। तब तौल में धान कम मिल रहा है। विभाग की लापरवाही से करोड़ों रूपए के धान सूखने की रिपोर्ट के सामन आने के बाद प्रशासनिक अफसर सकते में है। बताते चले कि मोहला प्रशासन ने सूखत की भरपाई सोसायटियों से वसूल करने की तैयारी की थी किन्तु सोसायटी कर्मियों द्वारा विरोध दर्ज कराए जाने की तैयारी की थी किन्तु सोसायटी कर्मियों द्वारा विरोध दर्ज कराए जाने के बाद मामले को रोक दिया गया है।

### एक हजार क्विंटल धान सूखे

धान सूखत के सबसे ज्यादा मामले नवगठित जिले केसीजी व एमएमसी में है। जहां की सोसायटियों में गर्मी के कारण पांच सौ से एक हजार क्विंटल तक धान सूख गये है। दोनों जिले के करीब 60 उपार्जन केन्द्रों के एक हजार क्विंटल तक धान में कमी आ गई है। जबकि राजनांदगांव जिले में सूखत जीरो रहा। यहां प्रशासन की सजगता से समय-सीमा के भीतर धान का उठाव कर लिए जाने से सूखत की स्थिति निर्मित नहीं हुई। राईस मिलर्स ने भी जिले से धान का उठाव शत-प्रतिशत पूरा कर दिया है। बहरहाल देखी जाए तो सबसे ज्यादा सूखत का मामला दोनों नवगठित जिले में है। जो अफसरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

## राम दरबार के पास बाइक और ट्रक की भिड़ंत में बाइक चालक की मौत, एक घायल



**हिरासत में लिया गया आरोपी ट्रक चालक**

राजनांदगांव (दावा)। कोतवानी थाना क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले राम दरबार चौक में मंगलवार की सुबह गंभीर हादसा हो गया। शहर के दो युवक अपनी मोटर सायकल में सोमनी जाते समय रायपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक के साथ उनका भिंडत हो गया। सुबह-सुबह उक्त गंभीर हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई वही दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे उपचार हेतु मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री ले जाया गया है। मृतक का नाम मनहरण निषाद पिता बसंत निषाद (29 वर्ष) निवासी चिखली व जख्मी युवक का नाम संदीप यादव पिता महतु यादव (21 वर्ष) निवासी स्टेशन पारा बताया जाता है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि हालांकि जीई रोड स्थित रामदरबार चौक के पास हुई। उक्त दुर्घटना में ट्रक चालक व बाइक चालक दोनों दोषी है। लेकिन तेज रफ्तार में आ रही ट्रक क्रं. सीजी 08 जी. 2195 के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। शहर भीतर प्रवेश पर वाहन की गति धीमी होनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होने से उक्त घटना घटी। इसमें ट्रक चालक के खिलाफ अपराध कायम कर आगे की कार्रवाही में ले लिया गया है।

# बीमा के पैसे के लालच में ममेरे भाई ने षड़यंत्र कर मौत के घाट उतारा उत्तम को

**कांग्रेस नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे की हत्या की गुत्थी पुलिस ने तीन दिन में सुलझा ली**

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कुम्ही से पहले मुढ़ीपार डोगरगढ मार्ग पर शनिवार को मुख्य मार्ग पर छुईखदान ब्लाक के आमाघाट कादा निवासी युवक उत्तम वर्मा 24 वर्षीय की हत्या कर बिच सड़क पर फेंक दी गई थी। जिसकी गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। बीमा के पैसे के लालच में मृतक उत्तम वर्मा को उसी के ममेरे भाई ने षड्यंत्र कर मौत के घाट उतारा। पुलिस ने हत्या को अंजाम देने वाले ममेरे भाई सहित उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय ने की। ग्राम कुम्ही में मिले शनिवार 11 मई की अलसुबह संदिग्धावस्था में अज्ञात शव की पहचान आमाघाट निवासी उत्तम वर्मा के रूप में हुई थी। पुलिस ने डॉग स्क्रायड, सायबर और फ़ारेंसिक की संयुक्त टीम बना कर सभी दिशाओं में जाँच शुरू की। पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर



पूछताछ प्रारंभ की। हत्या के संदेह के आधार पर हेमंत ढेकवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि जनवरी 2024 में एक चार पहिया वाहन और फ़रवरी 2024 में एक हार्वेस्टर ख़रीदा गया। जिसके लिए तीस लाख रुपए का फाइनेंस मृतक उत्तम वर्मा के नाम पर किया गया था। जिसके साथ मृतक उत्तम को लोन सुरक्षा बीमा (एलएसबी) भी फ़ाइनेंस कंपनी की ओर से किया गया था। इस तरह से मृतक उत्तम के नाम पर लगभग 80 लाख का बीमा भी महाराष्ट्र में हेमंत ने करवा रखा था। उत्तम की दोनों गाड़ियाँ सालेकसा निवासी उसके ममेरे भाई हेमंत ठेकवार के पास ही थी। फ़ाइनेंस कंपनी की लोन सुरक्षा बीमा योजना में अगर लाभार्थी की मृत्यु हो जाये तो लोन का पैसा माफ़ कर दिया जाता है।

### साजिश के तहत ममेरे भाई ने उत्तम को पहले डोंगरगढ़ बुलाया, गाडी दिलाने के बहाने

साजिश के तहत हेमंत ने उत्तम को गाड़ी दिलाने के बहाने से पहले डोंगरगढ़ बुलाया, जहां उसके साथी सुरेश मछिरके और प्रेमचंद लिल्हारे भी मौजूद थे। पहले चारों ने डोंगरगढ़ में जमकर शराबखोरी की, उसके बाद योजना के तहत मृतक के मोबाइल को अतरिया में रिश्तेदार के यहाँ छोड़ दिया। फिर षड्यंत्र के तहत उत्तम को लेकर तीनों आरोपी गातापार के जंगल में पहुंचे, जहां गमछे से उसका गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपियों ने मृतक के शव को कुम्ही-डोंगरगढ़ मार्ग पर फेंक दिया। शव को दुर्घटना दिखाने वाहन से कुचल कर आरोपी महाराष्ट्र लौट गए।

पूरे मामले में तीनों आरोपी हेमंत ढेकवार, सुरेश मछिरके और प्रेमचंद लिल्हारे को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है, साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन और गला घोटने में उपयोग किया गमछा भी बरामद कर तीनों को न्यायिक हिरासत में ले लिया है।

## मतगणना कार्य के लिए नियोजित कर्मचारियों-अधिकारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 मई से

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 मई से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रारंभ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी निर्देशानुसार मतगणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। वहीं मतगणना सहायको का प्रशिक्षण 16 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। मतगणना कार्य हेतु माईक्रो प्रेक्षक का प्रशिक्षण 22 मई को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा।

# शहर में धूमधाम के साथ निकली जलाराम बापा की भव्य शोभायात्रा

**पाटीदार समाज सहित जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का भव्य स्वागत, कल प्राण-प्रतिष्ठा में पधारेंगे डॉ. रमन सिंह**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कंचन बाग स्थित गुजराती कालोनी स्थित श्री जलाराम मंदिर में भगवान श्री राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, शिव परिवार के साथ श्री जलाराम बाप्पा की मनोहारी प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन होने जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन के इस क्रम में मंगलवार 14 मई की सुबह इन मनोहारी प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री जलाराम मंदिर कैलाश नगर से निकाली गई।





इस भव्य शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत कर पूजा अर्चना की गई। द्वारा मनोहारी प्रतिमाओं का पूजन-अर्चना कर शोभायात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। बता दे कि कंचन बाग गुजराती कालोनी स्थित श्री जलाराम मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश, श्रीराम दरबार, श्री राधाकृष्ण, श्री शिव परिवार सहित संत शिरोमणि श्री जलाराम बाप्पा की मनोहारी प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। इसकी प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन 14 मई मंगलवार से विधि-विधान के साथ आयोजित है।

शोभायात्रा के धूमधाम के साथ नगर भ्रमण के पश्चात श्री जलाराम मंदिर गुजराती कालोनी में प्रतिमाओं का जलाधिवास कराया गया। वही देर शाम पं. गणेश मिश्रा द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कैलाश नगर श्री जलाराम मंदिर से वार्ड भ्रमण करते हुए गुजराती कालोनी केसर नगर पहुंची। इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में गुजराती समाज गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं मौजूद रही।

### विस. अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का होगा आगमन

श्री जलाराम सत्संग सेवा समिति, श्री लोहाणा महाजन, श्री लोहाणा महिला मंडल व श्री लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में राजनांदगांव के विधायक व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पधार रहे है। डॉ. सिंह गुरूवार 16 मई को उपरोक्त देव विग्रह एवं संत शिरोमणि श्री जलाराम बापा के प्राण-प्रतिष्ठा विधि के दौरान उपस्थित रहेंगे। मंदिर में विधि विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद यज्ञ-हवन एवं पूर्णाहूति की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे अन्नकूट एवं महाआरती का आयोजन है। अंत में 1.00 बजे से महाप्रसादी आयोजित है।

# संभागायुक्त दुर्ग ने शासकीय मेडिकल कालेज संबद्ध चिकित्सालय का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। संभागायुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय पेण्ड्री राजनांदगांव का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



व्यवस्थाओं का लिया जायजा

इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहिने उपस्थित रहे। संभागायुक्त दुर्ग संभाग श्री राठौर ने केजुएल्टी वार्ड, ओ.टी. एवं सर्जिकल वार्ड का अवलोकन किया। इसके साथ ही मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के किचन को मॉड्यूलर किचन बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध मिलना चाहिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बात कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी का अवलोकन कर प्रतिदिन आने वाले ओपीडी और आईपीडी की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बहुत अच्छा बना है। यहां स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक अच्छी अधोसंरचना बनी है। इसका सही तरीके से उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षक शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रदीप बेक, सहायक अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी सहित चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हमारा संकल्प मिट्टी के गोले की तरह होना चाहिए वो जितना तपेगा उतना निखरेगा -सुधाकर मुनि

**जो संकल्प में डटे रहे वह निकल गए और निखर गए-सुधाकर मुनि, तेरापंथ भवन में चल रहा है प्रवचन**

राजनांदगांव (दावा)। 14 मई युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि संकल्प चार गोलों की तरह के होते हैं- पहला मोम का गोला, दूसरा काष्ट का गोला, तीसरा लोहे का गोला और चौथा मिट्टी का गोला। हम जैसा संकल्प करते हैं वैसे ही सृष्टि बन जाती है। जो संकल्प में डटे रहे वह निकल गए और निखर गए। तेरापंथ भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में सुधाकर मुनि ने कहा कि कहा कि मोम के गोलों की तरह कुछ लोगों का संकल्प होता है जो आग के सामने आते ही पिघल जाता है।

इसी तरह कुछ लोगों का संकल्प थोड़ी सी मुसीबत आती है तो काष्ट के गोले की तरह जल जाता है और थोड़ी ज्यादा मुसीबत आती है तो वह लोहे के गोले की तरह पिघल जाता है, किंतु मिट्टी का गोला कितनी ही आग रहे वह तपकर और मजबूत हो जाता है, निखर जाता है। मिट्टी के गोले की तरह का संकल्प जितनी भी मुसीबत आ जाए, वह तपकर और मजबूत होता जाता है। मुनि सुधाकर जी ने कहा कि हमारा संकल्प मिट्टी के गोले की तरह होना चाहिए। उसे जितना तपाया जाएगा, वह उतना ही



निखरता जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन संघर्ष है, जीवन तपता तब कहीं जाकर वह निखरता है। उन्होंने कहा कि जो चलता है भाग्य भी उसका चलता है और जो रुकता है भाग्य भी उसका रुक जाता है। इसी तरह जो सोता है भाग्य भी उसका सो जाता है। जप और तप में यदि आपका संकल्प दृढ़ नहीं है तो आप बिखर कर टूट जाएंगे। संकल्प बल की कमजोरी ही असफलता का सबसे बड़ा कारण है। मुनि सुधाकर जी ने कहा कि मानव जन्म से नहीं वरन कर्म से महान होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति 'यू' जैसी है। हम जितना पुण्य- पुण्य- पुण्य करते जाएंगे, वह एक छोर में भरता जाएगा और हमारा पाप दूसरे छोर से निकलता जाएगा। साधु-साध्वियों को जीवन मिलता है तो वह सोचते हैं कि वे अपने पाप को यहीं भोगकर जाएं।

उन्होंने कहा कि जो रसना में विजय प्राप्त कर लेता है, वही द्रव्य त्याग पाता है। हम धर्म करते हैं और धर्म करने में किसी की सहायता करते हैं तो हमारा पुण्योदय होता है। धर्म ध्यान भी हम तभी कर पाते हैं, जब हमारा पुण्योदय होता है। इससे पूर्व नरेश मुनि जी ने कहा कि अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करना ही वरण है। समय रहते ही अपना काम कर लो, धर्म ध्यान कर लो। आज प्रवचन में शांत क्रांति संघ के अध्यक्ष सूरजमल गिडिया, श्रमण संघ के शिव कुमार जी संचेती और समाजसेवी तेजकरण श्रीमाल उपस्थित थे।













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com